सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹109634/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹133900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹146164/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

2 अगस्त को होगा आयोजन, तैयारी शुरू
स्थान देखा जा रहा

नए आपराधिक कानून पर बड़ी कार्यशाला- मुख्यमंत्री, न्यायिक अधिकारी सभी एसपी होंगे शामिल, प्रभावी क्रियान्वयन पर होगा गहन मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए आपराधिक कानूनों के दो वर्ष पूरे होने के बाद उनके प्रभावी क्रियान्वयन, अब तक के अनुभवों और भविष्य की कार्ययोजना पर मंथन के लिए छत्तीसगढ़ में 2 अगस्त को राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश, पुलिस, अभियोजन एवं न्यायिक तंत्र के वरिष्ठ ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

दो वर्षों के अनुभवों की होगी समीक्षा

कार्यशाला में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के दो वर्षों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। विभिन्न जिलों में इन कानूनों के लागू होने के बाद सामने आए अनुभवों, चुनौतियों और बेहतर कार्यप्रणालियों पर चर्चा होगी। ▶▶| शेष पेज 6 पर

पुलिस अधिकारियों को मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को नए आपराधिक कानूनों के व्यावहारिक क्रियान्वयन का प्रशिक्षण देना भी है। इसमें अपराध दर्ज करने की नई प्रक्रिया, विवेचना की समय-सीमा, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों का संग्रह और संरक्षण, फोरेंसिक साक्ष्यों के अनिवार्य उपयोग, गिरफ्तारी और तलाशी की नई कानूनी प्रक्रिया, पीड़ितों ▶▶| शेष पेज 6 पर

एक समान क्रियान्वयन पर रहेगा जोर

प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की मौजूदगी में यह सुनिश्चित करने पर भी चर्चा होगी कि नए कानूनों का पालन पूरे राज्य में एक समान तरीके से हो। कार्यशाला में केस स्टडी, न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णय, विवेचना के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियां तथा उनके समाधान साझा किए जाएंगे, ताकि जांच की गुणवत्ता और दोषसिद्धि दर में सुधार लाया जा सके।

न्यायपालिका-पुलिस के बीच समन्वय की पहल

कार्यक्रम में हाईकोर्ट के न्यायाधीश नए कानूनों की न्यायिक व्याख्या और व्यावहारिक पहलुओं पर अपने विचार रखेंगे। वहीं पुलिस, अभियोजन और न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उपायों पर भी चर्चा होगी, जिससे मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री देंगे दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, तकनीक आधारित तथा नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित करेंगे। उनसे नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की भी संभावना है।

स्थान देखा जा रहा

कार्यशाला 2 अगस्त को हो रही है। कार्यक्रम कहां होगा, इसकी जगह अभी तय नहीं है। इसके लिए स्थान देखा जा रहा है।

निहारिका बारिक, प्रमुख सचिव गृह

प्रधानमंत्री मोदी ने दिए सख्त कार्रवाई के संकेत, कहा - बख्शे नहीं जाएंगे दोषी

फास्ट ट्रैक कोर्ट में खुलेगा पेपर लीक का 'सच'

नीट पेपर लीक मामले में कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष का प्रदर्शन जारी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऐलान किया कि पेपर लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाएंगे। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस बीच, संसद के बाहर चल रहे मानसून सत्र में एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच जमकर सियासी बवाल और विरोध-प्रदर्शन देखने को मिला। संसद के मकर द्वार पर दोनों पक्षों के सांसद आमने-सामने आ गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में छात्रों का आंदोलन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के नाम से जंतर मंतर पर लगातार जारी है। 20 जुलाई को चलो पार्लियामेंट मार्च के दौरान हजारों छात्र और युवा संसद की तरफ बढ़ने की कोशिश में दिल्ली पुलिस से भिड़ गए। टेंट तोड़े जाने के बावजूद प्रदर्शनकारी वापस लौटे और मानसून की बारिश में भी धरना जारी रखे हुए हैं। सोनम वांगचुक अस्पताल में भर्ती होकर भी भूख हड़ताल पर डटे हैं और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र ▶▶| शेष पेज 6 पर

- प्रधानमंत्री के ऐलान करते ही चार राज्यों में बनी फास्ट ट्रैक कोर्ट
- कॉकरोच जनता पार्टी ने आज देशभर में प्रदर्शन का किया ऐलान
- राहुल के आवास के बाहर हाईवोल्टेज ड्रामा, गांधी स्मृति जा रहे विपक्षी सांसदों की बस पुलिस ने रोकी
- जंतर-मंतर के 1.5 किलोमीटर के दायरे में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित

प्रधानमंत्री का संदेश

युवाओं का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह भी कहा कि प्रश्नपत्र लीक के मामलों में शामिल लोगों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए सरकार ने त्वरित अदालतें स्थापित करने का फैसला किया है। मोदी ने कहा, हमारे युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

एक बार फिर बातचीत का प्रस्ताव

नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने एक बार फिर बातचीत का प्रस्ताव दिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कहा है कि सरकार सभी मुद्दों पर किसी भी समय, किसी भी जगह बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार बुधवार दोपहर से अब तक सीजेपी के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के लिए चार बार औपचारिक प्रस्ताव भेज चुकी है।

भूख हड़ताल पर वांगचुक

कॉकरोच जनता पार्टी पिछले 34 दिन से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक 26 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। वे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं उनका इलाज चल रहा है।

अन्ना का मौन आंदोलन

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों के समर्थन में महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में दो घंटे का 'मौन आंदोलन' किया। अन्ना ने अहिल्यानगर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास पूर्वाह्न 11 बजे अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया और अपराह्न एक बजे इसे समाप्त किया।

विपक्ष छात्रों के साथ : राहुल

नीट पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के बीच विपक्षी दलों की रणनीति तेज हो गई है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारे छात्र सड़कों पर हैं, इसलिए विपक्ष के सभी सांसदों को लगा कि हमें भी सड़कों पर उतरना चाहिए। विपक्ष के सभी सांसद इंडिया गेट जाना चाहते थे। उन्होंने मना कर दिया और हमें रोक दिया। फिर हमने कहा कि हम तीस जनवरी (गांधी स्मृति) जाना चाहते हैं। उन्होंने बस यहीं खड़ी कर दी है हम आगे नहीं बढ़ पाए, लेकिन छात्रों तक मुख्य संदेश यही है कि हम आपके साथ है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की अहम बैठक हुई। बैठक में पेपर लीक और लाठीचार्ज के मुद्दे पर और संसद के भीतर और बाहर सरकार को ▶▶| शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

सोनम की जमानत रद्द करना होगा सरेंडर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2025 में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या करने की आरोपी सोनम रघुवंशी को दी गई जमानत बृहस्पतिवार को रद्द कर दी और तीन सप्ताह के भीतर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ ने सोनम को जमानत दिए जाने के खिलाफ मेघालय सरकार की याचिका स्वीकार कर ली। पीठ ने कहा प्रतिवादी (सोनम) ने अपनी गिरफ्तारी के कारणों पर संतुष्टि जताई। दस्तावेज वास्तव में उसे दिए गए थे। इसलिए, हम गिरफ्तारी की वैधता के मुद्दे पर नहीं जाना चाहते।

बलूचिस्तान में हुए हमले में न्यायाधीश व सुरक्षाकर्मी की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग इलाके में बृहस्पतिवार को अज्ञात हमलावरों ने एक काफिले पर हमला कर दिया, जिसमें एक न्यायाधीश की मौत हो गई और एक अन्य न्यायाधीश घायल हो गए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल हकीम काकड़ और उनके सुरक्षाकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि न्यायाधीश काकड़ और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तारिक लशारी, अदालती सुनवाई के लिए बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से मस्तुंग जा रहे थे। तभी उनके वाहनों पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश लशारी समेत दो लोग घायल हो गए। घटना मंगलवार रात मस्तुंग के खुद कोचा इलाके के पास क्वेटा-कराची राजमार्ग पर संदिग्ध विद्रोहियों द्वारा एक वाहन पर गोलीबारी किए जाने के दो दिन बाद हुई। इस हमले में दो महिलाओं की मौत हो गई थी और तीन बच्चे घायल हुए थे।

कांग्रेसियों पर एफआईआर में पुलिस पर पथराव, कांच की बोतल, लाठी से हमले का जिक्र, इधर, कांग्रेसी पहुंचे थाने

रायपुर। दिल्ली में कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री आवास को लेकर आमने-सामने आए भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भिड़त में घायल पुलिस वालों की ओर से केस दर्ज करा दिया गया है। खम्हारडीह पुलिस ने 12 कांग्रेस नेताओं सहित अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191, 121(1), 221 और 132 के तहत अपराध दर्ज किया है। इस पूरे घटनाक्रम में एक एसआई, महिला कांस्टेबल सहित 16 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इधर, इसे एकतरफा कार्रवाई बताते हुए कांग्रेसी खमतराई थाने पहुंच गए और उन्होंने जमकर नारेबाजी की। इस मुद्दे को लेकर मामला गरमाया हुआ है।

गौरतलब है, बुधवार को भाजपा ने प्रधानमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम के विरोध में राजीव भवन के सामने प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। इसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने खम्हारडीह थाना, पुलिस लाइन तथा अन्य थानों के पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से नारेबाजी करते हुए बैरिकेडिंग की ओर बढ़े। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं रुके और पुलिस से उलझ गए। एफआईआर के मुताबिक समझाइश के बावजूद प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर कांच की बोतलें, पत्थर, लकड़ियां और जूते पुलिस बल पर फेंके। इस दौरान पीएसआई देवराज सिंह के सिर पर चोट लगी, जबकि महिला आरक्षक सीमा बंजारे के हाथ में गंभीर चोट आई। इसके अलावा ड्यूटी में तैनात पुलिस जवान चोटिल हुए।

हरिभूमि फॉलोअप

टीआई की रिपोर्ट पर एफआईआर

जिन कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनके खिलाफ खम्हारडीह थाने के टीआई भावेश कुमार गौतम ने अपने ही थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारियों की कार्रवाई से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया।

अनिश्चितकालीन धरने पर कांग्रेसी

खम्हारडीह थाने के बाहर कांग्रेसियों ने गुरुवार रात अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। देर रात कांग्रेसियों ने टेंट का सामान मंगवा लिया। दरी और कालीन बिछाकर बैठ गए। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के खिलाफ हमारी लड़ाई आर-पार की है। हमारे कार्यालय का घेराव करने आए, पत्थर भी हम खाए और एफआईआर भी हमारे ऊपर ही हुआ। जब तक भाजपा के खिलाफ भी एफआईआर नहीं होती है, तब तक हम यहां बैठे रहेंगे।

इनके खिलाफ मामला दर्ज

एफआईआर में सुनील कुकरेजा, विनोद तिवारी, सकलेन कामदार, आकाश तिवारी, अजीत कुकरेजा, हनी बग्गा, शांतनु झा, गावेश साहू, खूबी डहरिया, सागर दुल्हानी, अजीज भिंसरा, अमित तिवारी समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नामजद आरोपी बनाया गया है। घटना के बाद पुलिस मौके पर कराई गई वीडियो रिकार्डिंग के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से अन्य आरोपियों की पतासाजी कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कह रही है।

एक लाख रुपए की घूस लेते प्रभारी सिविल सर्जन गिरफ्तार

जांजगीर चांपा। सक्ती के जिला अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन को एक लाख रुपए घूस लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि उसने अपने अधीनस्थ कार्यरत फार्मासिस्ट से रिश्वत मांगी थी। जिला अस्पताल सक्ती में फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के पद पर अटैचमेंट पर कार्यरत गंगा प्रसाद रत्नाकर ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मूल पदस्थापना सीएमएचओ कार्यालय पोरथा, जिला सक्ती में है। फरवरी 2026 से वह जिला अस्पताल सक्ती में कार्यरत है, लेकिन मई और जून 2026 का पे-डेटा सीएमएचओ कार्यालय नहीं भेजा जा रहा था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. संतोष कुमार पटेल ने फरवरी से जून 2026 तक के पांच माह के हिसाब से 20-20 हजार प्रति माह, यानी कुल 1 लाख की रिश्वत मांगी। रिश्वत मिलने के बाद ही पे-डेटा सीएमएचओ कार्यालय भेजे जाने की बात कही गई थी। एसीबी बिलासपुर ने शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद ट्रैप की योजना तैयार की गई। आरोपी ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम लेकर अपने अस्थायी निवास डभरा बुलाया। गुरुवार 23 जुलाई की रात करीब 9 बजे डभरा कॉलेज मोड़ के पास शिकायतकर्ता एसीबी टीम के साथ पहुंचा। आरोपी डॉ. वहां पहुंचकर शिकायतकर्ता की स्कार्पियो में बैठे और जैसे ही उन्होंने 1 लाख की रिश्वत अपने कब्जे में ली, पहले से घात लगाए एसीबी अधिकारियों ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली है। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

- अपने ही अधीनस्थ से पे डेटा ट्रांसफर करने के एवज में ली थी रिश्वत

पीआईएल में फर्नेश पंक्चर तीन मजदूर झुलसे

चाम्पा। प्रकाश इण्डस्ट्रीज में फर्नेश पंक्चर होने से तीन ठेका श्रमिक झुलस गए। प्लांट के 15 टन आयल रिंग के नंबर 1 चैनल में बुधवार की रात हादसा हुआ। हादसे में घायल तीनों मजदूरों को भिलाई रेफर किया गया है। प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में बुधवार की रात काम चल रहा था। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे 15 टन ऑयल रिंग के नंबर 1 चैनल में एक हादसा हो गया। फर्नेश पंक्चर होने से गर्म भाप के साथ लावा निकला। मौके पर काम कर रहे तीन ठेका श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। ठेका श्रमिक गेंदराम पटेल, गंगा प्रसाद पटेल और पंच राम यादव झुलस गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भिलाई रेफर कर दिया गया। तीनों मजदूर मेसर्स अनमोल यादव एंड कंपनी के माध्यम से ठेका श्रमिक के रुप में कार्यरत हैं। हादसे के कारण की जांच शुरू कर दी गई है। पी आई एल में पूर्व में भी फर्नेश पंक्चर की घटना हो चुकी है। कारखाने में स्थापित फर्नेश क्षमता 15 टन में 24 अप्रैल को हुई घटना में 6 मजदूर घायल हुए थे। इससे पहले अप्रैल 2024 में कंपनी के 15 टन फर्नेश में ब्लास्ट हो चुका है।

अदाणी ग्रुप के पास आठ एयरपोर्ट के अलावा पायलट ट्रेनिंग व एयरक्राफ्ट मरम्मत जैसे काम

अदाणी का 'आसमान का राजा' बनने की तैयारी! एयर इंडिया-इंडिगो को देंगे टक्कर

नई दिल्ली। अदाणी ग्रुप ने सरकार से उस नियम में बदलाव की मांग की है जो देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट- नई दिल्ली और मुंबई-के ऑपरेटर्स को किसी शेड्यूल्ड एयरलाइन में 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी रखने से रोकता है।

- अदाणी की मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है

इससे एनर्जी से लेकर डिफेंस तक का कारोबार करने वाले इस ग्रुप को एयरलाइन शुरू करने और एविएशन सेक्टर में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस सेक्टर में ग्रुप पहले से ही आठ एयरपोर्ट चलाने के अलावा पायलट ट्रेनिंग, एयरक्राफ्ट की मरम्मत और ग्राउंड हैंडलिंग जैसे कामों में मजबूत मौजूदगी रखता है। अदाणी के पास अभी मुंबई एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट में जीएमआर एयरपोर्ट्स की 74 फीसदी हिस्सेदारी है।

सरकार तोड़ना चाहती है एआई और इंडिगो का दबदबा

मंत्रालय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उस नियम में पिछली तारीख से बदलाव करने की कानूनी वैधता पर राय मांग रहा है। यह नियम 2006 में इन दोनों एयरपोर्ट्स के प्राइवेटाइजेशन के समय हुए समझौतों में शामिल किया गया था। ऐसे किसी भी बदलाव के लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी होगी। सीनियर अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार शायद एक अच्छी-खासी फंडिंग वाली एयरलाइन ऑपरेटर चाहती है जो इंडिगो और एयर इंडिया की डुओपॉली (दो कंपनियों का दबदबा) को तोड़कर जरूरी कॉम्पिटिशन ला सके। ये दोनों कंपनियां मिलकर घरेलू मार्केट के लगभग 90 फीसदी हिस्से को कंट्रोल करती हैं।

इंडिगो और एयर इंडिया को भी मिलेगा मौका

इंडस्ट्री के सीनियर अधिकारियों का कहना है कि अगर सरकार अदाणी के प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो इससे इंडिगो और एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को भी एयरपोर्ट में हिस्सेदारी खरीदने की इजाजत मिल जाएगी, जिससे वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को रोक सकती हैं। एयरलाइन इंडस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अदाणी ग्रुप के पास देश में आठ एयरपोर्ट हैं, जिनमें मुंबई का मुख्य एयरपोर्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर मकसद मोनोपॉली (एकाधिकार) को रोकना था, तो इसका उल्टा असर होगा-कोई भी एयरपोर्ट मालिक जो एयरलाइंस के साथ कॉम्पिटिशन कर रहा है, वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को अच्छे स्लॉट पाने से रोक सकता है।

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

LEARN ENGINEERING THE WAY INDUSTRY WANTS

FACULTY OF TECHNOLOGY

Events & Activities

- Hackathons & Ideathons
- Industry Visits
- International Conferences
- Technology Clubs
  - Spark (Electrical)
  - Avishkar (Civil)
  - Royal (Mechanical)
  - Standard (Supported by BIS)

Innovation & Research

- 100+ High-Tech Research Labs
- 8 Centres of Excellence
- Central Instrumentation Facility
- Business Lab
- Central Library - 90,000+ Books, 1.5 Lakh+ E-Resources
- 562+ Patents | 7200+ Research Publications
- Active IPR Cell for patent filing

NIRF RANKING 2025 Ranked in Top 101-150 Universities | NAAC ACCREDITED | 400+ Recruitment Partners | 600+ International Students | 130+ Programs

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

8 CENTRES OF EXCELLENCE

IN COLLABORATION WITH

- TechnoViz AUTOMATION — for Industrial Internet of Things (IIoT)
- GODAWARI eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
- JUSTAUTO SOLUTIONS — for Repair & Monitor of Maintenance of 2 & 3-Wheeler Vehicles
- BDS EDUCATION — for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH — for Bridge Courses
- UltraTech CEMENT The Engineer's Choice — for Civil Engineering

B.Tech — 4 Years
(Civil, Computer Science, Electrical, Mechanical)

B.Tech CS in AI & ML — 4 Years
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

M.Tech — 2 Years
(Civil, Computer Science, Electrical, Mechanical)

Diploma in Engineering — 3 Years
(Mechanical, Civil, Electrical, Computer Science, Mining)

Your Career Options:

Artificial Intelligence & Software
AI Engineer | Machine Learning Engineer | Data Scientist | NLP Specialist | Computer Vision Engineer | Full Stack Developer

Core Engineering
Mechanical Engineer | Electrical Engineer | Civil Engineer | Mining Engineer | Automation Engineer | Project Engineer | HVAC Specialist

Emerging Industries
Electric Vehicles | Robotics | Renewable Energy | Smart Manufacturing | Semiconductor Industry | Drone Technology

Why Kalinga University?

- AICTE Approved | NIRF Ranked | Widely Recognised and Trusted by Employers Across India
- 100+ Laboratories | 1200 Computers | Smart Technical Campus
- Dedicated Engineering Placement Cell with Year-Round Recruitment

Highest Package INR 33 LPA & Counting...

REGISTER TODAY!

Limited Seats Left...
Book Your Seat Today!

CUET Scorecards Accepted!

+91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE QR CODE
To Register for our Entrance Examinations
KALSEE/KAL-MAT

#Rajesh9926308899

बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष दशमी | वर्ष : 26, अंक : 123 | पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

भिलाई : केवल 165 बच्चों ने लिया दाखिला

दुर्ग जिले के 152 निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां दोनों चरणों के आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल 1507 सीटों के मुकाबले अब तक केवल 1044 बच्चों का ही प्रवेश हो पाया है। जिले में अभी भी 463 सीटें खाली हैं। पहले चरण में 1059 बच्चों को लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किए गए। आवंटित विद्यार्थियों में से 946 बच्चों ने ही प्रवेश लिया। दूसरे चरण में 635 सीटों पर पुनः चयन प्रक्रिया शुरू की गई। दूसरी लॉटरी में 150 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए हैं। जिसमें केवल 98 बच्चों ने दाखिला लिया और 52 सीटें खाली रह गईं।

ऐसे हैं आंकड़े

- स्कूल- 6857
- आरटीई सीटें- 23119
- आरटीई आवेदन- 39182
- रिक्त सीटें - 9424

खाली सीटों को भरने शिक्षा विभाग ने 22 जुलाई से पुनः मंगाए हैं आवेदन

नए नियम ने 50% कम कर दी आरटीई सीटें, फिर भी 40% सीट खाली! अब तिमाही परीक्षा तक दाखिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

आरटीई दाखिले संबंधित नियमों में बदलाव के बाद प्रदेश में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम हो गई थी। इसके बाद विभाग को उम्मीद थी कि कम सीट होने के कारण ये पहले चरण में ही भर जाएंगी, लेकिन बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने के कारण शिक्षा विभाग को तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ रही है। शेष सीटों को भरने के लिए 22 जुलाई से पुनः आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, 5 अगस्त तक आरटीई सीटों के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात 10 से 14 अगस्त तक लॉटरी निकाली जाएगी। जिन बच्चों के नाम सूची में होंगे, उन्हें 25 अगस्त तक प्रवेश लेना होगा। अगला शैक्षणिक सत्र अप्रैल माह से प्रारंभ होगा। ऐसे में तिमाही परीक्षाएं सितंबर माह में आयोजित करने की तैयारी है। इस तरह से आरटीई सीटों को भरने तिमाही परीक्षा तक प्रवेश होते रहेंगे। आरटीई में प्रवेश अब केवल पहली कक्षा में ही मिलता है। नर्सरी, पीपी-1 व पीपी-2 को इससे बाहर कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, नए नियम के कारण पालक अधिक दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। राजधानी रायपुर के स्कूल अपेक्षाकृत बड़े हैं, इसलिए यहां प्रवेश की स्थिति बेहतर है। जबकि अन्य जिलों में विभाग पर्याप्त प्रचार-प्रसार के बाद भी छात्र नहीं जुटा पा रहा है।

राजनांदगांव : मात्र 13 आवेदन

तीसरे चरण में दाखिले के लिए अभिभावकों द्वारा आवेदन किए जा रहे हैं। पोर्टल में निजी स्कूलों की रिक्त सीटों की जानकारी अपेडट नहीं होने के कारण अभिभावकों को आवेदन में समस्या हो रही है। कई बड़े निजी स्कूलों द्वारा रिक्त सीटों की संख्या छिपाने की बात भी सामने आ रही है। आरटीई प्रवेश के द्वितीय चरण में 126 रिक्त सीटों के लिए 705 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 37 बच्चों का चयन किया गया। वहीं तृतीय चरण के तहत 104 रिक्त सीटों के लिए अब तक 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

धमतरी : 450 सीटें भी नहीं भर पा रहा विभाग

पिछले वर्षों की तुलना में इस साल आरटीई में तीन गुना कम सीट मिली है। इसके बाद भी इन सीटों को भरने में शिक्षा विभाग के पसीने छूट रहे हैं। दो चरण में मात्र 351 छात्रों का एडमिशन हुआ है। अभी भी 119 सीट रिक्त है। इस वर्ष आरटीई के तहत पूरे जिले में केवल 450 सीटें ही आरक्षित की गई थी। 450 सीटों में दाखिले के लिए 1235 आवेदन मिले थे। पहले चरण में 328 ने एडमिशन लिया। दूसरे चरण के लिए 112 सीटें बची थी, जिसमें 23 बच्चों ने एडमिशन लिया। इन दोनों चरणों में 33 बच्चे ऐसे हैं, जिनके नाम पर लॉटरी तो निकली थी, लेकिन कई कारणों से उन्हें एडमिशन नहीं दिया गया। तीसरे चरण के लिए 119 सीटें रिक्त बची हुई है, जिसके लिए एडमिशन की प्रक्रिया चालू है।

46 प्रमुख बांधों में 68 फीसदी से ज्यादा जलभराव, पिछले साल से ज्यादा पानी

छग के बांधों में राहत की मूसलाधार, केलो-घुनघुट्टा सहित आधा दर्जन जलाशयों से छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसूनी बारिश के बाद प्रदेश के बांध भी लबालब होने लगे हैं। कई छोटे बांधों में इतना पानी हो गया है कि उनके गेट खोल दिए गए हैं। ऐसे बांधों की संख्या आधा दर्जन बताई जा रही है। बारिश अभी थमी नहीं है। कैचमेंट एरिया में पानी के आवक को देखते हुए गेट खोलने का फैसला लिया गया है।

हरिभूमि सरोकार

अच्छी बारिश की वजह से राज्य के प्रमुख, मध्यम और अन्य महत्वपूर्ण बांधों में जलभराव की स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। कुल 46 महत्वपूर्ण जलाशयों की कुल 6360.23 मिलियन घन मीटर क्षमता के मुकाबले 4334.49 मिलियन घन मीटर पानी उपलब्ध है। यह कुल क्षमता का 68.15 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जलभराव 42.48 प्रतिशत था। बांधों के कैचमेंट एरिया से आ रहे पानी की मात्रा को देखते हुए केलो के चार गेट और घुनघुट्टा बांध सहित आधा दर्जन बांधों से से नहरों के माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है। जलसंसाधन ⏭शेष पेज 6 पर

रपटा, पुलिया व सड़कें बहीं, कई गांवों से संपर्क टूटा

अम्बिकापुर। पिछले तीन-चार दिनों से सरगुजा में हो रही भारी बारिश से कई गांवों की सड़कें टूटने व रपटा बहने की खबरें आ रही है। कई गांवों का मुख्यालयों से संपर्क टूट गया है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से रामानुजगंज बलरामपुर जिले का सफर काफी मुश्किल भरा हो गया है। निर्माणाधीन अधूरी एनएच सड़क ने लोगों के सफर को मुसीबत में डाल दिया है। लगातार हो रही बारिश से सरगुजा-सूरजपुर-बलरामपुर रामानुजगंज जिले की कई सड़के व उन पर रपटे तथा पुल-पुलियों के टूटने की खबरे सामने आई। ⏭शेष पेज 6 पर

69 प्रतिशत बोनी हो चुकी पूरी

प्रदेश में मानसून के दस्तक के साथ ही खेती किसानी का कार्य जोरों पर हैं। राज्य के 33.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्रों में लक्ष्य का 69 प्रतिशत बोनी हो चुकी है। खरीफ सीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, कोदो, कुटकी, अरहर, मूंग, मूंगफली, रामतिल आदि की बोनी हो चुकी है।

खारंग, मनियारी, घोंघा और खपरी हुए लबालब

बिलासपुर संभाग में इस बार सबसे अधिक बारिश का असर देखने को मिल रहा है। यहां की खारंग, मनियारी, घोंघा बांध लबालब हो चुके हैं। वहीं दुर्ग का खपरी बांध लबालब हो गया है। मिनिमाता बांगो में 77.32, छिरपानी 79.64, सुतियापाट 79.82, श्याम 96.94, सोंदूर 68.22, सिकासार (गरियाबंद) 74.06, दूधावा 74.07, कोडार में 63.79 प्रतिशत जल भराव है। सबसे कम जलभराव मयाना में 6.79 प्रतिशत और अरपा भैंसाझार में 34.01 प्रतिशत दर्ज किया गया है।



भारत से दक्षिण-कोरिया तक बादलों का डेरा

नई सैटेलाइट इमेज में भारत के हिमालय से दक्षिण कोरिया तक 7 से 10 हजार किलोमीटर लंबी बादलों की बेल्ट दिखाई दे रही है। इससे पूरे देश में भारी बारिश हो रही है। इसी वजह से देश में पिछले 2 दिनों में नॉर्मल से 170-180% बारिश हुई है। इसे मानसून कन्वर्जेंस जोन कहा जाता है। यह तब बनी जब हिंद महासागर से आई नमी भरी हवाएं एशिया की तरफ आईं। इस वजह से मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में लगातार 60 घंटे से बारिश हो रही है।

मध्य-उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी बारिश

छत्तीसगढ़ के मध्य और उत्तर हिस्से के कई जिलों में आज भी भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय रहेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कई इलाकों में भारी बारिश दर्ज लगातार बारिश से सूरजपुर के बिहारपुर क्षेत्र में बरगा नदी उफान पर है।

सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर हुआ भीषण हादसा, कार के उड़े परखच्चे

पेड़ से भिड़ी कार, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



इस्पात नगरी भिलाई में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह लगभग 4 बजे गुंडिचा मंडप के सामने सेक्टर-9 से सेक्टर-6 की ओर जाने वाले मार्ग पर हुई। कार क्रमांक सीजी 07 एम 5986 तेज गति से जा रही थी। बताया जा रहा है कि चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिसके बाद कार सीधे सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह ⏭शेष पेज 6 पर

बिजली खंभे से टकराई कार इंजीनियरिंग छात्रा की मौत

बालोद। चौथिया कार्यक्रम से लौट रहे परिवार की कार अनियंत्रित होकर बिजली खंभे से जा टकराई, जिसमें सवार छः लोगों में से एक युवती की मौके पर मौत हो गई व अन्य पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज अस्पताल में जारी है। डौंडी नगर के ⏭शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पासपोर्ट पुस्तिका को मशीन पठनीय बनाया गया

नई दिल्ली। सरकार ने राज्यसभा में कहा कि पासपोर्ट पुस्तिका को क्रमिक रूप से 'आईसीएओ' के अनुरूप मशीन पठनीय बनाया गया है और मानकीकृत पाठ को अपनाया गया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास के एक सवाल के जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। ब्रिटास ने सवाल किया था, क्या पूर्व में जारी भारतीय पासपोर्टों पर स्पष्ट रूप से भारत का नागरिक लिखा होता था।

बचाव दलों ने सभी श्रमिकों के शव बरामद किए

नामची। सिक्किम के नामची जिले में एनएचपीसी की निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजना की सुरंग से सभी 25 श्रमिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। एनएचपीसी की तीस्ता चरण-6 जलविद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग सोमवार अपराह्न एक बजे के कुछ देर बाद संदिग्ध रूप से मीथेन गैस के कारण हुए विस्फोट के बाद ढह गई थी और उस समय सुरंग में 25 श्रमिक मौजूद थे। 'ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड' के बचाव दल के सदस्य के. के. रॉय ने संवाददाताओं को बताया कि लगातार 72 घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद सभी शव बरामद कर लिए गए हैं।

वैभव का विश्व कीर्तिमान

टी-20आई में सबसे कम उम्र में अर्द्धशतक जड़ने वाले बने दुनिया के पहले बल्लेबाज

हरारे। भारत के जिम्बाब्वे दौरे 2026 के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हरारे स्पोर्ट्स क्लब एक ऐसे ही ऐतिहासिक पल का गवाह बना। महज 15 साल और 118 दिन की उम्र में भारतीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने केवल 19 गेंदों में तूफानी अर्द्धशतक जमाकर अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट इतिहास का सबसे कम उम्र में पचासा जड़ने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वैभव की पारी ने अंतरराष्ट्रीय टी20 में अब तक के सभी रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर दिया।

'जगन्नाथ धाम' नाम का नहीं हो सकेगा कमर्शियल इस्तेमाल

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने पुरी मंदिर से जुड़े पांच और नामों के लिए ट्रेडमार्क सुरक्षा हासिल कर ली है, जिनमें 'जगन्नाथ धाम' भी शामिल है।पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि एसजेटीए ने 12वीं सदी के इस मंदिर की पहचान और विरासत को बचाने की कोशिशों में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इसमें कहा गया है कि ट्रेड मार्क्स रजिस्ट्री द्वारा जांच के दूसरे दौर के बाद, आने वाले ट्रेड मार्क्स जर्नल में प्रकाशन के लिए पांच और ट्रेडमार्क आवेदन स्वीकार किए गए हैं। ये पंजीकरण महाप्रभु पवित्र परंपराओं से जुड़े नामों और पहचान की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

- पुरी के जगन्नाथ मंदिर को पांच और पवित्र शब्दों के लिए ट्रेडमार्क

ये शब्द

- जगन्नाथ धाम
- श्रीक्षेत्र
- महाप्रसाद
- नीलचक्र
- कोइली वैकुंठ

सीबीआई की सफाई, नहीं मिला था कोई सबूत

नीट पेपर लीक के 'मास्टरमाइंड' संजीव को क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट - यूजी) 2024 के प्रश्नपत्र चोरी मामले में सीबीआई ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि विस्तृत और वैज्ञानिक जांच के दौरान संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया की इस मामले में संलिप्तता का कोई प्रमाण नहीं मिला। जांच एजेंसी ने कहा कि इस संबंध में स्थिति वर्ष 2024 में ही स्पष्ट कर दी गई थी और अब उनके नाम को जानबूझकर छोड़े जाने का जो दावा किया जा रहा है, वह तथ्यात्मक रूप से गलत है। विदित हो छात्र आंदोलन के क्रम में सोशल मीडिया में गुरुवार को ये विषय जमकर वायरल हुआ कि मुखिया के खिलाफ सीबीआई द्वारा तीन महीने के अंदर आरोप पत्र दाखिल नहीं करने ⏭शेष पेज 6 पर

चार्जशीट में संजीव मुखिया का नाम नहीं

सीबीआई ने पटना की अदालत में 45 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। उसमें संजीव मुखिया का नाम नहीं था। एजेंसी के अनुसार, उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला, इसलिए उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। हालांकि, सीबीआई केस से जमानत मिलने के बाद भी वह जेल में रहा, क्योंकि बिहार में वह अन्य पेपर लीक के मामलों में भी आरोपी है। सीबीआई के अनुसार नीट पेपर लीक 2024 के मामले की जांच लगभग पूरी हो चुकी है।

नीट पेपर लीक 2024 मामला

बता दें कि मई 2024 में मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट नीट यूजी की परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। पटना के एक स्कूल हॉस्टल में कई अभ्यर्थियों के पास परीक्षा से पहले ही पेपर पहुंच गया था। बिहार पुलिस ने इस मामले में कई अभ्यर्थियों और पेपर लीक गिरोह के सदस्यों को पकड़ा था। उस समय संजीव मुखिया का नाम मास्टरमाइंड के तौर पर सामने आया था। जांच में पता चला कि इसके पीछे एक बड़े गिरोह का हाथ है। झारखंड के हजारीबाग में एक सेंटर से पेपर को लीक किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द करने से किया था इनकार

पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद देश भर में इस परीक्षा को रद्द कर पुनः आयोजित करने की मांग की गई। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार कर दिया था। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि पेपर लीक व्यापक पैमाने पर ना होकर केवल कुछ स्थानीय केंद्रों तक सीमित था, इसलिए पूरी परीक्षा को रद्द करना सही नहीं है।

ITSA HOSPITALS

यदि दुर्घटना के बाद हाथ हिलना बंद हो जाए तो यह हो सकती है:
ब्रेकियल प्लेक्सस इंजरी

ब्रेकियल प्लेक्सस नसों का एक समूह है जो कंधे, हाथ और उंगलियों की हरकत और संवेदना को नियंत्रित करता है।

इन नसों को चोट लग सकती है:

सड़क दुर्घटनाओं में

मोटरसाइकिल दुर्घटनाओं में

गिरने या अन्य गंभीर चोटों में

कुछ नवजात शिशुओं में जन्म के समय

छत्तीसगढ़ में सुपरमाइक्रोसर्जरी के अग्रणी विशेषज्ञ

डॉ. जी. एस. छाबड़ा
एम.एस., एम.सीएच. (प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक सर्जरी)
सीनियर कंसल्टेंट
प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन

नर्व ग्राफ्टिंग | नर्व ट्रांसफर सर्जरी
कुछ मरीजों में इन प्रक्रियाओं से हाथ की कार्यक्षमता दोबारा लौटाने में मदद मिल सकती है।

समय पर जांच और विशेषज्ञ के पास शीघ्र रेफरल बेहतर रिकवरी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छ.ग.
0771 4800000, 7880 110000

चिंतन

पीएम की फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा सकारात्मक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाने और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा देने की घोषणा करके संदेश दिया है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और छात्रों हितों के प्रति गंभीर है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गतिरोध तोड़ने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों को चार बार वार्ता का न्योता भेजा है। हालांकि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यालय या आवास पर वार्ता के लिए नहीं जाएंगे। वे जंतर-मंतर पर ही मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। मौके की नजाकत को देखते हुए छात्रों को भी नरम रुख अपनाते हुए वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। यदि दोनों पक्ष सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे आएं तो सभी मुद्दों का समाधान निकल सकता है। सामान्य न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामलों का वर्षों तक लंबित रहना न केवल न्याय में देरी का कारण बनता है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी बढ़ाता है। यदि विशेष अदालतों के माध्यम से समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित होती है और दोषियों को कठोर दंड मिलता है तो यह भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रभावी साबित हो सकता है। साथ ही परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि केवल सजा की व्यवस्था ही पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी मजबूत करना और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक है। दूसरी ओर, आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझना होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि छात्र अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। सरकार द्वारा कई बार वार्ता का प्रस्ताव दिया जाना सकारात्मक संकेत है। अब छात्रों को भी संवाद का अवसर गंवाना नहीं चाहिए। बातचीत किसी भी विवाद का सबसे प्रभावी और लोकतांत्रिक माध्यम है। यदि वार्ता होती है तो केवल तत्काल मांगों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में परीक्षा सुधारों पर भी ठोस सहमति बन सकती है। इसके साथ ही आंदोलन को उसकी मूल भावना तक सीमित रखना भी आवश्यक है। किसी भी जन आंदोलन में समय के साथ विभिन्न राजनीतिक या अन्य हित समूह सक्रिय होने का प्रयास करते हैं। यदि आंदोलन का उद्देश्य छात्रों के अधिकार और परीक्षा सुधार हैं तो उसे उसी दिशा में केंद्रित रहना चाहिए। हिंसा, टकराव या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती हैं और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। पुलिसकर्मियों पर हमले या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। यदि कहीं ऐसे तत्व सक्रिय हैं जो आंदोलन को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो छात्रों को स्वयं उनसे दूरी बनानी चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। युवाओं का भविष्य किसी भी दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह समय टकराव का नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का है। फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक टकराव

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला।

भारत में शिक्षा और सार्वजनिक भर्ती परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजा असंतोष अब एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले लगभग एक महीने से हजारों छात्र-छात्राएं और युवा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में गहराते संकट के लिए जवाबदेही तय की जाए तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल की जाए। पिछले एक दशक में देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, जिनसे लगभग 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इनमें नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, एसएससी तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस और शिक्षक भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। भारत की 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 34.5 से 37.1 करोड़ युवा आबादी, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है, इस व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बाद छात्रों ने संसद तक मार्च का आह्वान किया। दिल्ली, मुंबई, पटना, बेंगलुरु सहित अनेक शहरों में कैंडल मार्च, धरने और प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। सिख समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में आम नागरिक भी भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। इस मानवीय सहयोग ने आंदोलन को सामाजिक संवेदना का भी स्वरूप प्रदान किया है। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने आंसू गैस, लाठीचार्ज तथा अन्य बल प्रयोग के माध्यम अपनाए। अनेक प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा की तथा बैरिकेडिंग में करंट और कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया। पुलिस पर पैलेट गन के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग उठ रही है। सरकार ने जंतर-मंतर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए, कई मेट्रो स्टेशनों को

अस्थायी रूप से बंद किया तथा पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में बदल दिया। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शनों को संभालने के लिए 3000 अतिरिक्त सशस्त्र पुलिसकर्मी भेजे हैं। यह कदम दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर उठाया गया है।

राजधानी के संवेदनशील हिस्सों जंतर-मंतर से संसद भवन तक खासतौर से इसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। जमीनी घेराबंदी के अलावा दिल्ली की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से पूरी तरह से लैस किया गया है। इसके बावजूद अगले दिन भी बड़ी संख्या में छात्र आंदोलन स्थल पर पहुंचे और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुए।

उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह सहित कई नेताओं ने जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। संसद में भी विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखने तथा धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित करने की है। उनकी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पेपर लीक मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, भर्ती प्रक्रियाओं की समयबद्धता, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में जवाबदेही तय करना तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करना शामिल है। यह आंदोलन अब केवल परीक्षा सुधार का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और शासन की जवाबदेही से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। यदि सरकार आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध निर्णय लेती है, तो स्थिति शांत हो सकती है और शिक्षा व्यवस्था में सुधार का रास्ता खुल सकता है। इसके विपरीत यदि केवल पुलिस बल और प्रशासनिक नियंत्रण के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास जारी रहता है, तो युवाओं का असंतोष और व्यापक हो सकता है।

ऐसी स्थिति में यह आंदोलन देशव्यापी छात्र-युवा अभियान का रूप लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को भी अपने साथ जोड़ सकता है। इससे संसद, न्यायपालिका और सरकार पर संस्थागत सुधारों का दबाव बढ़ने की संभावना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संकट का सबसे प्रभावी समाधान संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही है। इसलिए आने वाले समय में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली और शिक्षा सुधारों पर ठोस पहल ही यह तय करेगी कि यह संघर्ष टकराव की दिशा में बढ़ता है या फिर भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है। उधर, संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के नाम रहा। पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बना राजनीतिक गतिरोध है। सरकार और विपक्ष, दोनों को टकराव छोड़कर संवाद का रास्ता तलाशना होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा

सांस्कृतिक जुड़ाव को बल दें भाषाएं

कोई भी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं होती। देश, समाज या किसी समुदाय विशेष की परंपराओं और संस्कृति के अनगिनत रंग सहेजे होती है। भाषाएं समग्र रूप से देश की संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक ले जाने का काम करती हैं। यही वजह है कि संस्कृति के इन रंगों को जीवन से जोड़े रखने और विरासत सहेजने के लिए भाषाओं को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। असल में भाषायी विविधता सोच और समझ के नए द्वार भी खोलती है। मानवीय भावनाओं को साझेपन का परिवेश बनाती है। यही वजह है कि किसी एक भाषा के विलुप्त होना उसके शब्दों का खत्म होना भर नहीं, बल्कि एक समाज विशेष के सदियों पुराने इतिहास, लोकगीत, उत्सव, रीति-रिवाज, लोक-साहित्य और जीवनयापन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के खत्म होने जैसा है। विशेषकर मातृभाषा से दूर होना होना तो इंसान की मौलिक अभिव्यक्ति की सहजता और गहराई ही छीन लेता है। हाल ही में कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानि 'शब्द संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। इसीलिए अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर विद्यार्थी को कम से कम एक और भारतीय भाषा अवश्य सीखनी चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। यह विचार सकारात्मक और सराहनीय तो है ही, सांस्कृतिक विविधता के लिए दुनियाभर में मान पाने वाले हमारे देश की नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने वाला भी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित 'शब्दलोक' संग्रहालय भी भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को ही समर्पित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक और संवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की मौखिक और लिखित भाषाई परंपराओं के विकास की यात्रा को दर्शाया गया है। वस्तुतः, भाषाएं किसी भी देश की विरासत को आगे बढ़ाने सबसे सशक्त माध्यम होती हैं। बावजूद इसके हालिया बरसों में बच्चे न केवल अपनी मातृभाषा से दूर हो रहे हैं बल्कि दूसरी भाषाओं को सीखने में भी कम ही रुचि लेते हैं। आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल होती दुनिया में अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने वाले इस व्यवहार से कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। घरों में भी अपनी मातृभाषा बोलने का चलन कम हुआ है। बहुत से युवा रोजगार के अवसरों को देखते हुए दूसरे देशों की भाषा सीख रहे हैं पर अपने ही क्षेत्र की भाषा भूल गए हैं। यह स्थिति न केवल उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करती है, बल्कि हमारी समृद्ध भाषाई विविधता को भी विलुप्त होने के कगार पर ला रही है। समझना कठिन नहीं कि अपनी भाषाएं न सीखने से मानवीय जीवन से जुड़ी कई अनमोल मौखिक परम्पराएं हमेशा के लिए समाप्त हो रही हैं। चिंतनीय है कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की बात हो सभ्यतागत पहचान को सुरक्षित रखने की, देश के सभी हिस्सों की भाषाएं ही आपसी जुड़ाव का पुल बनाकर सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मार्ग दिखाती हैं। इस गठजोड़ को मजबूती देने के लिए परिवार की भूमिका भी अहम है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी परिवार की भाषा ही पहली पाठशाला बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मां की भाषा में ही बच्चे की पढ़ाई हो, विद्यालय और विश्वविद्यालय मौलिक चिंतन का केंद्र बनें, तभी हम सृजन में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सचमुच चिंतनीय है कि बड़े शहरों में आकर बसने, दूसरे राज्यों में जाकर रहने या विदेश में जा बसने के कारण बहुत से भारतीय परिवारों का अपनी मूल मातृभाषा से संपर्क टूट जाता है। इसके चलते बच्चे अपनी जड़ों, लोक-संस्कृति, त्योहारों और पारंपरिक मूल्यों से भी दूर हो रहे हैं। इस सभ्यतागत संकट के बावजूद देश में 117 भाषाएं खतरे में हैं। बीते 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएं अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। कई भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले 10 हजार से भी कम लोग बचे हैं। यूनेस्को की ओर से जारी एटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजर की रिपोर्ट के मुताबिक साल 1950 से अब तक पूरी दुनिया में सैकड़ों भाषाएं खत्म हो चुकी हैं। असल में भाषाएं सीखना और उन्हें बोलचाल का हिस्सा बनाना ही संवाद के इस माध्यम को सहेजने का एकमात्र रास्ता है। अपनी मातृभाषा के अलावा एक ओर भाषा सीखने का आह्वान भी इस मोर्चे पर बहुत मायने रखता है। इससे देश की संस्कृति को समझने में भी नई पीढ़ी की रुचि बढ़ेगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

भगवान विष्णु रहेंगे चार माह तक योग निद्रा में



संकलित
दर्शन

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना है। एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा होती है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में क्षीर सागर में चले जाते हैं। इन चार महीनों के दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। इसके अलावा चार महीने यानी चातुर्मास के दौरान कई तरह के कार्य वर्जित होते हैं। वहीं इस दौरान कई तरह के कार्य करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई है और इस दिन के बाद भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में होते हैं, जो कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। ऐसे में इस दौरान चार महीनों तक भगवान विष्णु पूजा, जप, तप और दान करते हुए भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवशयनी एकादशी भगवान विष्णु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

देह दानी राजा शिवि महाराज

संकलित
प्रेरणा

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे थे तभी एक कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा कबूतर ने कहा - महाराज आपकी उदारता और शरणागत पर दया की चर्चा पशु-पक्षियों तक में होती है मैं भी आपके राज्य में निवास करने के कारण आपकी प्रजा और अभी आपका शरणागत हूं। मेरी रक्षा करें। शिवि ने कबूतर को निश्चिंत रहने का वचन दिया और कहा कि वह उसकी रक्षा हर हाल में करेंगे। राजा ने जैसे ही वचन दिया तभी वहां एक बाज आ पहुंचा और शिवि से कबूतर को वापस करने की मांग करने लगा। बाज ने कहा - महाराज यह कबूतर मेरा आहार है मैं अपने आहार का पीछा कर रहा था मैंने इस पर प्रहार भी किए है, आप मुझे मेरा आहार वापस करें। आपकी बड़ी कृपा होगी। राजा शिवि ने कहा - बाज यह तुम्हारा आहार रहा होगा किंतु अभी यह मेरा शरणागत है और मैंने इसको प्राण रक्षा का वचन दिया है। इसलिए मैं अपना वचन भंग नही कर सकता। बाज ने कहा - महाराज मैं भी आपके राज्य का रहने वाला पक्षी हूं। विधाता ने मुझे शिकार करके अपना पेट भरने की व्यवस्था दी है अगर आप कबूतर वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। जो राजा अपनी प्रजा को किसी कारण कष्ट देता है या उसके आहार का हरण करता है उस राजा पर से देवों की कृपा समाप्त हो जाती है उसकी प्रजा को इसका दंड भोगना पड़ता है आप यह पाप न करें। शिवि ने कहा - तुम्हारी बातें सत्य है किंतु मैं वचनबद्ध हूं। शरणागत का अतीत मुझे ज्ञात नहीं था इसलिए मैंने इसकी रक्षा का भार लिया है।

अंतर्मन



आज की पाती

यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़ियां डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चौंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है। – *विजय कुमार, रायपुर*

ट्रेंड

फास्ट ट्रैक कोर्ट

देश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

चर्चा से भाग रहा विपक्ष

एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चर्चा के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि जब वे बहस के लिए सदन में आएंगे, तो उनकी दोहरी नीति दुनिया के सामने उजागर हो जाएगी।
-**गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति मंत्री

जौहर विश्वविद्यालय

दिल्ली में परीक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है और रामपुर में शिक्षा को लेकर। जौहर विश्वविद्यालय को बचाकर ही यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है; इसी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल आज वहां पहुंचा है।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

बेहतर शिक्षा व्यवस्था

यह आंदोलन बहुत शांतिपूर्ण था; बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए हैं।
- **सलमान खान,** फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं, रूबियो ने कही बड़ी बात

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका के साथ पिछले महीने हुई बातचीत में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान बातचीत को लेकर सीरियस नहीं है और साथ ही वॉर्निंग दी कि अगर ईरान को मार्को रूबियो ने आगे कहा कि ईरान ने बातचीत के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के माध्यमों से अमेरिका से संपर्क किया था, लेकिन ईरान अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के युद्ध होर्मुज से निकलकर मेनडेब स्ट्रेट तक पहुंचता नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों ने इसके जरिए होने वाले सऊदी अरब के व्यापार को रोकने का ऐलान किया है। अभी समस्या यह है कि ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं हैं। अगर वे सीरियस हैं, तो हम भी सीरियस हैं। अगर वे गंभीर नहीं हैं, तो हम खुद की और अपने सहयोगियों के हितों की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे। मार्को रूबियो ने होर्मुज से गुजरने वाले ट्रैफिक पर कंट्रोल करने की ईरान की डिमांड की भी आलोचना की और कहा कि यह जलमार्ग एक इंटरनेशनल समुद्री रास्ता है जिसको खुला रहना चाहिए। रूबियो ने कहा, असल बात बहुत सीधी है।

ऑफ बीट

दिल के मरीजों के लिए संगीत है अच्छी दवा

भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं 5 करोड़ डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान हैं ये तनाव दिल की बीमारी का बड़ा कारण है। द लांसेट की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक और लगातार तनाव के बने रहने से ब्लड कोलेस्ट्रोल, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इससे हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की मसल्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जब भी आप तनाव में हों मनपसंद संगीत सुनिए। संगीत मस्तिष्क में रासायनिक संतुलन को बदलता है। धमनियों को आराम देकर ब्लड वेसल्स की काम करने की क्षमता सुधारता है। परिश्रम के बाद हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को तेजी से बेस लाइन पर लौटाता है। चिंता को कम करता है। काम के दौरान लें छोटे ब्रेक- काम के दौरान स्ट्रेस होना बहुत आम है। विचारों को संतुलित करने, फोकस लाने के लिए काम के बीच हर एक घंटे में पांच मिनट का ब्रेक लें इससे तनाव कम होगा, प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी हार्ट की कार्यक्षमता भी सुधरेगी। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन के अनुसार, प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में फैट नमक और चीनी ज्यादा होती है। इसे अधिक खाने की इच्छा भी होती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

नरोल टेक्सटाइल और सरवाना मिल्स को प्रोत्साहन पैकेज

टेक्सटाइल सेक्टर को बड़ा प्रोत्साहन : 5,525 करोड़ रुपए के निवेश पर सरकार का दांव, साढ़े 27 हजार रोजगार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को टेक्सटाइल एवं गारमेंट उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने दो अलग-अलग विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बेस्पोक पैकेज) जारी कर टेक्सटाइल क्षेत्र में कुल 5,525 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 27 हजार 500 प्रत्यक्ष रोजगार का रास्ता साफ कर दिया है। इनमें मेसर्स नरोल टेक्सटाइल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एनवायरो मैनेजमेंट की 5 हजार करोड़ रुपये की एकीकृत टेक्सटाइल पार्क परियोजना तथा मेसर्स सरवाना मिल्स लिमिटेड की 525 करोड़ रुपये की वस्त्र निर्माण इकाई शामिल है। दोनों परियोजनाओं को पूंजी निवेश, बिजली, ब्याज, ईपीएफ, रोजगार और प्रशिक्षण सहित कई वित्तीय रियायतें दी गई हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की ओर से जारी दो अलग-अलग आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत जारी किया गया है। इनमें पहला पैकेज एनटीआईईएम को निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने और उससे जुड़े सदस्य उद्योगों के माध्यम से एकीकृत टेक्सटाइल क्लस्टर स्थापित करने के लिए दिया गया है। इस परियोजना में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 25 हजार रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, दूसरा पैकेज सरवाना मिल्स लिमिटेड के लिए है, जो कताई, बुनाई, गारमेंटिंग, प्रिंटिंग और कढ़ाई सहित एकीकृत वस्त्र विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना में 525 करोड़ रुपये के निवेश और 2,500 रोजगार का प्रस्ताव है।

एनटीआईईएम परियोजना को 50 प्रतिशत तक स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, सात वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान, सात वर्षों तक ईपीएफ अंशदान पर 75 प्रतिशत सहायता, रोजगार सृजन अनुदान तथा हरित ऊर्जा पर 10 वर्षों तक बिजली अनुदान मिलेगा।

महिलाओं के रोजगार पर विशेष जोर

दोनों पैकेजों में महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। पुरुष कर्मचारियों के लिए प्रति माह 5 हजार रुपये और महिला कर्मचारियों के लिए 6 हजार रुपये प्रति माह का रोजगार सृजन अनुदान निर्धारित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के प्रशिक्षण पर प्रति कर्मचारी अधिकतम 15 हजार रुपये तक प्रशिक्षण प्रतिपूर्ति का प्रावधान भी किया गया है।

प्रदर्शन के आधार पर मिलेगा अनुदान

दोनों परियोजनाओं में पूंजी निवेश अनुदान को टर्नओवर और रोजगार से जोड़ा गया है। निर्धारित लक्ष्य के 80 प्रतिशत से अधिक टर्नओवर पर पूर्ण अनुदान मिलेगा, जबकि लक्ष्य कम होने पर अनुदान भी घटता जाएगा। इसी प्रकार अधिक रोजगार देने वाली इकाइयों को अधिक रोजगार गुणांक का लाभ मिलेगा।

स्थानीय युवाओं को रोजगार देना अनिवार्य

दोनों अधिसूचनाओं में स्पष्ट किया गया है कि पैकेज का लाभ तभी मिलेगा जब न्यूनतम 1,000 लोगों को स्थायी रोजगार दिया जाएगा और वाणिज्यिक उत्पादन 31 मार्च 2030 से पहले शुरू होगा। साथ ही पहले वर्ष में कम से कम 50 प्रतिशत, तीन वर्षों में 75 प्रतिशत तथा पांच वर्षों के भीतर 90 प्रतिशत रोजगार छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को देना अनिवार्य होगा।

टेक्सटाइल हब बनने की दिशा में बड़ा कदम

सरकार का मानना है कि इन दोनों परियोजनाओं से राज्य में कपड़ा उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) विकसित होगी। निजी औद्योगिक पार्क, एकीकृत वस्त्र निर्माण इकाइयों, हरित ऊर्जा उपयोग और बड़े पैमाने पर स्थानीय रोजगार के माध्यम से छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय टेक्सटाइल निवेश मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकेगा।

छग हाईकोर्ट ने कोटवारों को सेवा भूमि पर मालिकाना हक देने से किया इनकार, याचिका खारिज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कोटवारों को सेवा भूमि पर मालिकाना हक दिए जाने की मांग को स्वीकार करने से इनकार करते हुए संबंधित याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल लंबे समय से भूमि पर कब्जा या सेवा के आधार पर कोटवारों को उस भूमि का स्वामित्व अधिकार नहीं दिया जा सकता। इससे पूर्व ग्राम कोटवारों की ओर से मालगुजारी जमीन पर मालिकाना हक़ मांगे जाने के मामले में हाईकोर्ट में तीन जजों की फुल बेंच ने सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ता गजेन्द्र दास व अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई थी। इन दो याचिकाओं में ग्राम कोटवारों ने खुद को मिली हुई मालगुजारी जमीन पर भू स्वामी की तरह अधिकार दिए जाने का अनुरोध शासन से किया। इनक कहना था कि वर्षों से चली आ रही परम्परा में उन्हें जमीन का मालिकाना हक़ दिया जाता रहा है इसका विरोध करते हुए विद्याधर दास और अन्य ने हस्तक्षेप आवेदन पेश किये इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा समेत जस्टिस विभुदत्त गुरु और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की फुल बेंच (संवैधानिक पीठ) ने सुनवाई की । याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई थी कि वे लंबे समय से कोटवार के रूप में सेवा दे रहे हैं और जिस भूमि का उपयोग वे करते आ रहे हैं, उस पर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किया जाना चाहिए। हालांकि राज्य की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि कोटवारों को दी गई भूमि सेवा से जुड़ी हुई है और उस पर व्यक्तिगत स्वामित्व का दावा नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों और संबंधित राजस्व प्रावधानों पर विचार करने के बाद कहा कि सेवा भूमि का स्वरूप और उसका उपयोग निर्धारित नियमों के अधीन है। केवल कोटवार के रूप में सेवा करने अथवा भूमि पर लंबे समय से काबिज रहने से याचिकाकर्ता को भूमि का मालिकाना हक प्राप्त नहीं हो जाता।

आरोपी युवक आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी करार

हाईकोर्ट ने पलटा निचली अदालत का फैसला

हरिभूमि न्यूज, बिलासपुर

हाईकोर्ट के जस्टिस एनके ब्यास ने कहा कि आरोपी की लगातार प्रताड़ना के कारण युवती के पास आत्महत्या जैसा कदम उठाने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। इसी वजह से उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

हाईकोर्ट ने 7 साल पुराने मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आरोपी युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी करार दिया है।

कोर्ट ने माना कि आरोपी ने एकतरफा प्यार में युवती पर शादी का दबाव बनाया, लगातार उसका पीछा किया, धमकियां दी और प्रताड़ित किया, जिससे तंग आकर युवती ने आत्महत्या कर ली। कोरबा जिले के करतला थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती 29 जनवरी 2018 की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने गई थी। अगले दिन सुबह उसकी मां रूकनी बाई ने दरवाजा खोला तो बेटी का शव स्कार्फ के फंदे से पाइप पर लटका मिला। जांच के दौरान पुलिस को एक सुसाइट नोट और मोबाइल मिला। मां की शिकायत पर पुलिस ने मो. सेराज के खिलाफ मामला दर्ज किया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की। ट्रायल के दौरान सामने आया कि मो. सेराज युवती से एकतरफा प्यार करता था और उससे शादी करने का लगातार दबाव बना रहा था। युवती के मना करने पर वह उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी देता था। प्रताड़ना से परेशान होकर मई 2017 में युवती ने अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या की कोशिश की थी। मानसिक तनाव से परेशान होकर उसकी मां ने भी नींद की गोलियां खा ली थी। लेकिन कोरबा के सत्र न्यायालय ने जनवरी 2019 में आरोपी को बरी कर दिया था। अदालत का कहना था कि सुसाईट नोट की हैंडराइटिंग की एक्सपर्ट से जांच नहीं कराई गई और आत्महत्या के लिए सीधे तौर पर उकसाने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

कोर्ट 27 जुलाई को सुनाएगा सजा

इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने मृतका की मां की गवाही को केवल इसलिए नजरअंदाज कर दिया, क्योंकि किसी स्वतंत्री गवाह ने उसका समर्थन नहीं किया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि किसी मामले में साक्ष्यों की संख्या नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता महत्वपूर्ण होती है। कोर्ट ने कहा कि जब प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के मजबूत मौखिक और मेडिकल साक्ष्य मौजूद हों तब हैंडराईटिंग एक्सपर्ट की राय का अभाव मामले को कमजोर नहीं बनाता। हाईकोर्ट ने मो. सेराज को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया है। सजा तय करने के लिए 27 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। उस दिन आरोपी या उसके वकील को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।

रेल मंडल की नई पहल : स्लीपर में अब 70 में चादर-तकिया

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

एसी कोच में मिलने वाली चादर और तकिया जैसी सुविधा का लाभ अब स्लीपर श्रेणी के यात्री भी उठा सकेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल ने दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में भुगतान आधारित बेडरोल सुविधा शुरू की है। इसके तहत यात्री यात्रा के दौरान निर्धारित शुल्क देकर अपनी जरूरत के अनुसार चादर और तकिया प्राप्त कर सकते हैं। रेल मंडल के अनुसार यह सुविधा जुलाई से शुरू की गई है। ट्रेन में नियुक्त बेडरोल अटेंडेंट स्लीपर कोच में नियमित रूप से भ्रमण कर यात्रियों की मांग के अनुसार बेडरोल उपलब्ध करा रहे हैं। भुगतान लेने के बाद यात्रियों को विधिवत रसीद भी दी जा रही है।

इस व्यवस्था के संचालन के लिए एस-3 कोच की सीट संख्या 79 और 80 बेडरोल अटेंडेंट के लिए आरक्षित की गई है। यदि किसी यात्री को बेडरोल प्राप्त करने में परेशानी होती है, तो वह संबंधित टीटीई से संपर्क कर सुविधा का लाभ ले सकता है। रेलवे के मुताबिक शुरुआत के बाद से इस सुविधा को यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 10 से 15 बेडरोल पैकेट तथा 30 से 35 तकियों की मांग दर्ज की जा रही है। बढ़ती मांग को देखते हुए भविष्य में रायपुर मंडल की अन्य ट्रेनों के स्लीपर कोचों में भी यह सुविधा शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। रायपुर रेल मंडल ने यात्रियों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तीन प्रकार के बेडरोल पैकेट उपलब्ध कराए हैं। यात्री 70 रुपये का शुल्क देकर दो बेडशीट, एक तकिया और एक तकिया कवर प्राप्त कर सकते हैं। वहीं केवल दो बेडशीट लेने के लिए 40 रुपये और एक तकिया व एक तकिया कवर के लिए 30 रुपये का भुगतान करना होगा। यात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार इनमें से किसी भी पैकेट का चयन कर सकते हैं।

जानकारी / शिखर चंद जैन

आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान

दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

बादलों का ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर

लंबी उड़ान भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी

रेड नॉट आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर

अपनी प्रवास यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है

यह पक्षी अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर

'समुद्री डाकू' के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड

जहां दूसरे पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

और खाओ रसगुल्ले!



एआई इमेज

छोटी कहानी

शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का हो गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

प्यारी कविताओं का संग्रह

बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।

संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

किताब : चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

हंसगुल्ले

चिंटू: जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
मिंटू: कार ड्राइवर।
चिंटू: जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
मिंटू: कार मैकेनिक।
चिंटू: और जो कार को पेंट करता है, उसे?
मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद): कारपेंटर!

-रजनी, दिल्ली

सोनू: बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
मोनू: क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-कुशल, रोहतक

जीके क्विज-215

1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?

बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-214 का उत्तर : 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले : मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर

कहानी

अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

रंग-बिरंगी छतरी

एआई इमेज

राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा,'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया,'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता

राजा चौरसिया

एआई इमेज

वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर : 1.मेंढक ने जो शर्ट पकड़ी है, उस पर लगा पेच छोटा है। 2. मेंढक के सिर पर बाएं ओर (दाएंसे) की ओर तीन उंगली छोटी है। 3. मेंढक के आगे बाएं ओर (आंखसे) की ओर तीसरा मेंढक की ओर के तीन उंगली है। 4.दाईं तरफ मेंढक की दाईं ओर पत्ता नहीं है। 5.मेंढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



बुजुर्ग व असाध्य रोगी कैदियों की समयपूर्व रिहाई के लिए 3 माह में नीति बनाएं राज्य

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे तीन महीने के भीतर बुजुर्ग और असाध्य रोगों से पीड़ित कैदियों की समयपूर्व या समय से पहले रिहाई के लिए स्पष्ट नीति तैयार कर उसे अधिसूचित करें। अदालत ने ऐसे मामलों के निस्तारण के लिए तकनीक आधारित एक समान व्यवस्था लागू करने का भी निर्देश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार, अशक्त और असाध्य रोगों से पीड़ित कैदियों की मानवीय आधार पर रिहाई के लिए पूरे देश में एक समान दिशा-निर्देश बनाने की मांग की गई। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2027 को होगी, जब सुप्रीम कोर्ट अनुपालन रिपोर्टों पर विचार करेगा। याचिका में कहा गया कि जेलों में बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के बावजूद ऐसे कई कैदी जेल में बंद हैं, जिससे संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत प्राप्त समानता और जीवन के अधिकार का उल्लंघन होता है। यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के भी विपरीत है।

मेडिकल व व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाए : अदालत ने यह भी कहा कि पोर्टल में समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्वतः चेतावनी और समय-सीमा की निगरानी की व्यवस्था हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस दौरान कैदियों की मेडिकल और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता पूरी तरह सुरक्षित रखी जाए।

6 माह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करें- अदालत ने केंद्र सरकार तथा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को छह महीने के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इसमें अदालत के आदेशों के पालन के लिए उठाए गए कदम, नई नीति की स्थिति, रिहाई के लिए चिन्हित कैदियों का विवरण तथा विचाराधीन मामलों की जानकारी देनी होगी।

कांस्टेबल आशिक हुसैन के हत्यारोपियों के घर ढहाए

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन की हत्या के आरोपी लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों के मकान ढहा दिए गए हैं। गुरुवार को अधिकारियों ने देर रात चले इस ऑपरेशन की जानकारी दी। स्थानीय प्रशासन ने पुलिसकर्मी की हत्या

की सजा के तौर पर आरोपियों के मकान को ढहा दिया। आशिक हुसैन कुरैशी अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। मकान ढहाने की कार्रवाई का मकसद पूरे इलाके में आतंकी नेटवर्क को खत्म करना और उग्रवादियों के इस्तेमाल किए जाने वाले लॉजिस्टिकल सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को नष्ट करना है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

भू-अ.प्र.क्र./09/अ-82/2024-25 बिल्हा दिनांक 22.07.2026
(कलेक्टर महोदय का रजिस्टर क्रमांक 513 दिनांक 15.07.2026)

प्रारुप -"क"

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर के लिए नगाराडीह (श्मशान घाट के पास) स्टापडेम योजना में प्रभावित ग्राम सरवानी पटवारी हल्का नंबर 05 रा.नि.म. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर के भूमि कय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	जिला	तहसील	प.ह.नं.	ग्राम	कास्तकार का नाम/ पिता का नाम	खसरा क्रमांक	क्रय की जाने वाली भूमि		भूमि एवं परिसम्पति का निर्धारित प्रतिफल	पुर्नवास अनुदान भूमि के मुआवजा का 50 प्रतिशत जो अधिक्तम 5.00 लाख देय	कुल देय राशि
							एकड़	हेक्टेयर			
1	बिलासपुर	बोदरी	5	सरवानी	कल्पना सिंह पति तुकेश्वर सिंह	482/5	0.04	0.016	1,33,120.00	66,560.00	1,99,680.00
2	बिलासपुर	बोदरी	5	सरवानी	बलवंत, खुशवंत पिता बुधेश्वर सुमन पति बुधेश्वर	482/4	0.10	0.040	3,32,800.00	1,66,400.00	4,99,200.00

(कलेक्टर महोदय से अनुमोदित)
जी. 262702316/1

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी, बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

समाहरणालय, बाँका

(मद्यनिषेध शाखा)
फोन–06424–222304(0), 222303(R), E-Mail Address-dm-banka.bih@nic.in

अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा निम्नांकित वाहन के स्वामियों को सूचित किया जाता है कि मद्य निषेध अभियान के अन्तर्गत पुलिस के विभिन्न थाना जिला बाँका द्वारा जब्त निम्नांकित वाहनों का बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् **अनुमंडल दण्डाधिकारी, बाँका** के द्वारा अधिकृत न्यायालयों में राज्यसात का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। यदि वाहन स्वामी प्रपत्र IV आवेदन जमा कर अपना वाहन मुक्त कराना चाहते हो अथवा उन्हें आपत्ति/दावा समर्पित करना हो तो वे अपना पक्ष नीचे कॉलम में अंकित न्यायालय में अंकित तिथि को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से **अपना पक्ष प्रस्तुत** कर सकते है। निर्धारित अवधि तक वाहनों के संबंध में प्रपत्र IV/दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होता है तो एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

क्र0 स0	थाना का नाम	कांड सं0/दिनांक	जप्त वाहन का प्रकार	वाहन निबंधन संख्या/ चेचिस संख्या / इंजन संख्या	वहन स्वामी का नाम व पता	न्यायालय का नाम	उपस्थित होने का दिनांक
1	ओढ़नी डैम	492/25, 01.11.25	हिरो एच एफ डिलक्स मोटरसाईकिल	CG18J2972	राजु कुमार चौधरी, पे0–बिन्देश्वरी प्रसाद चौधरी, सा0–नियर बस स्टैंड, जिला–डनटेवाड़ा	अनुमंडल पदाधिकारी, बाँका	25.08.2026

PR- 008456 (Excise) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
समाहर्त्ता
बाँका

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सोशल मीडिया पर लोकप्रियता का मतलब विश्वसनीयता नहीं-सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने नए बने 'एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड' से कहा कि वे सोशल मीडिया पर दिखने के बजाय अपने काम की गुणवत्ता के जरिए अपना करियर बनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लंबे समय तक बनी रहने वाली विश्वसनीयता कोर्ट रूम में तैयारी, नैतिकता और कड़ी मेहनत से ही हासिल होती है। सीजेआई ने 'एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड' के 2025 बैच के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नए वकीलों को बधाई दी।

'काम की क्वालिटी से बनता है करियर'

उन्होंने कहा कि वे एक ऐसे समूह का हिस्सा बन रहे हैं जिसने दशकों से वकालत और न्याय व्यवस्था की सर्वोच्च परंपराओं को बनाए रखने में सुप्रीम कोर्ट की मदद की है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, टाइटल से भले ही कोई दरवाजा खुल जाए लेकिन उससे करियर नहीं बनता। करियर तो आपके काम की क्वालिटी से बनता है।/" उन्होंने आगे कहा कि वकीलों को ऐसी पहचान बनानी चाहिए कि जब भी किसी केस फाइल में उनका नाम आए तो यह माना जाए कि वे पूरी तैयारी के साथ आए हैं।

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

Telephone No. 07744-226189 Fax No. 07744-224422 E-mail-rajnandgaon.court@nic.in

सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

क्रमांक 1701/दो-11-8/2026 राजनांदगांव, दिनांक 22 जुलाई 2026

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 22.08.2026 संध्या 5.00 बजे तक

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव की स्थापना में निम्नानुसार रिक्त स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-3 (निष्पादन लिपिक, आदेशिका लेखक, साक्ष्य लेखक, सहायक ग्रेड-3 (कोर्ट मैनेजर अमले)) के पदों पर सीधी भर्ती से पूर्ति हेतु भारतीय नागरिकों एवं भारत सरकार द्वारा मान्य अन्य श्रेणी के उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं: -

रिक्त पदों का विवरण

क्र.	पद का नाम (तृतीय श्रेणी संवर्ग)	रिक्त पदों की संख्या	रिक्त पदों का विवरण													
			अनारक्षित				अनुसूचित जाति				अनुसूचित जनजाति				अन्य पिछड़ा वर्ग			
			मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूतपूर्व सैनिक	मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूतपूर्व सैनिक	मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूतपूर्व सैनिक	मुक्त	महिला	दिव्यांग	भूतपूर्व सैनिक
1	स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 (हिन्दी)	03	1	–	–	–	–	–	–	–	2	–	–	–	–	–	–	–
2	सहायक ग्रेड-3 (निष्पादन लिपिक-04, आदेशिका लेखक-10, साक्ष्य लेखक-5, सहायक ग्रेड-3-1)	20	7	3	1	–	2	–	–	–	5	1	–	–	1	–	–	–
	योग-	23	8	3	1	–	2	–	–	–	7	1	–	–	1	–	–	–

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय, राजनांदगांव की वेबसाईट https://rajnandgaon.dcourts.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

राजनांदगांव-
दिनांक- 22/7/2026

अध्यक्ष
विभागीय चयन समिति,
कार्यालय-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-262702310/3

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 195792/निविदा सूचना क्र. 15/व.ले.लि./2026-27 दि. 22.07.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 13.08.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम:- सुकमा जिले के विकासखंड कोंटा में जगरगुण्डा जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य ।

अनुमानित लागत:- रू. 163.78 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर) (एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सुकमा
कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर

जी. 262702307/6

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER GODAWARI BASIN, JAGDALPUR (CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 195801/NIT No.: 10/SAC/26-27 Dated: 22.07.2026
Online Tenders are invited for the following work up to 13.08.2026 at 17.30 Hours.
Name of work Construction of Nandanmara Anicut at Chinar River in Block Kanker, District Kanker.
Probable Amount of Contract: **Rs. 489.59 Lakhs (Excluding G.S.T.)**
(As per S.O.R Enforced from dated 01.08.2010 and amended on dated 23.04.2026).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 29.07.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Prequalification Certificates issued by Water Resources Department whose validity is upto 30.09.2026 is applicable in this tender.

Executive Engineer
Water Resources Division, Kanker
For, Chief Engineer, Godawari Basin
Jagdalpur (C.G.)

G. 262702333/4

डॉक्टर को फंसाकर 2 करोड़ की उगाही में नर्स गिरफ्तार

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में एक नर्स कमला को गिरफ्तार किया गया है। उस पर 65 साल के एक डॉक्टर को ब्लैकमेल करने और कई सालों में उनसे करीब 2 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप लगा है। डॉक्टर ने बताया कि कमला ने उनके निजी कमरे में चुपके से उनकी तस्वीरें ले ली थीं। इसके बाद, वह उन्हें धमकाने लगी कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो वह इन तस्वीरों को सार्वजनिक कर देगी, या उन पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाएगी या फिर उन्हें नुकसान भी पहुंचा सकती है।

Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Raipur - 492 012 (CG) DIRECTORATE OF INSTRUCTIONS

No./V.V. Store/16/2026/1509 Raipur, Dated: 23.07.2026

PG Admission Notice 2026-27

Online applications are invited for admission to Post Graduate programmes of this Vishwavidyalaya in the Faculty of Agriculture/Horticulture /Agricultural Engineering on the basis of merit list of PG-CET-2026. The application form along with all other details will be available on the web link https://igkv.ac.in from 24/07/2026. The last date of filling online application is 05/08/2026. All interested candidates who are in merit list are advised to visit the web link and fill the online application form within the stipulated time.

S.48534 REGISTRAR

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)
Email Id-cghb.zonebsp@gmail.com. co-07752464143

आम सूचना प्रकाशन

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, बिलासपुर के अंतर्गत अटल आवास योजना सारधा लोरमी जिला- मुंगेली अंतर्गत 200 नग भवनों का निर्माण किया गया था। वर्तमान में उक्त योजना के तहत निर्मित भवन जीर्ण-शीर्ण एवं रहने योग्य नही होने के कारण तथा अपरिहार्य कारणों से योजना को पूर्ण रूप से समाप्त करते हुए पंजीकृत आबंटियों द्वारा क्रय किये गये भवनों का पंजीयन / आबंटन आदेश निरस्त किया जाता है। तथा सूचित किया जाता है कि जमा राशि राशि वापसी हेतु इस कार्यालय में जमा राशि संबंधित रसीद मय दस्तावेज प्रस्तुत करने पर मण्डल नियमानुसार राशि वापस की जावेगी।

अतः अटल आवास योजना सारधा लोरमी जिला मुंगेली अंतर्गत सम्मानीय आबंटियों को सूचित किया जाता है कि यह आम सूचना प्रकाशन सूचना पत्र मानते हुए अपनी जमा राशि वापसी हेतु संबंधित दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें जिससे की आपकी जमा राशि वापसी की जा सके।

संपर्क सूत्र :- कार्यालय संपदा अधिकारी संपर्क - 07752-464143
एम.एस. ध्रुव वरिष्ठ सहायक मो.नं. - 9893179682

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जिला कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/183113/DPLCS/Walk-in/2026
कोरबा, दिनांक 21/07/2026

वॉक इन इंटरव्यू

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जिला कोरबा मे मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना /प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा अन्य योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण संचालन हेतु मेहमान प्रवक्ता (प्रशिक्षक) के पैनल के अस्थायी चिन्हान्कन हेतु वाक इन इंटरव्यू का आयोजन दिनांक 31/07/2026 को प्रातः 10:00 बजे से किया जाना है। वांछित योग्यता नियम एवं शर्तों की अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट www.korba.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज
ज़िला कोरबा (छ.ग.)

संवाद- 48538

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएँ प्रपत्र-ए में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग एवं सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनांतर्गत अधूरे निर्माण कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क./दिनांक	सिस्टम क.	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
03/20.07.2026	195829	66.81
04/20.07.2026	195853	91.66
05/20.07.2026	195854	12.11

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in मे दिनांक 13.08.2026 तक देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी. 262702312/2

कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

अधिसूचना

प्र.क्रमांक-202602042100006/अ-82/2025-26, रायगढ़, दिनांक- 14/07/2026

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि की औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इसका उक्त भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

अनुसूची- 1. भूमि का वर्णन :- 1. जिला-रायगढ़, 2. तहसील-रायगढ़, 3. ग्राम- बडे अतरमुडा, 4. भूमि का क्षेत्रफल-0.2431 हेक्टे.

खसरा नं.	रकबा (हे.में)	खसरा नं.	रकबा (हे.में)	खसरा नं.	रकबा (हे.में)	खसरा नं.	रकबा (हे.में)	खसरा नं.	रकबा (हे.में)
187	0.1800	190/1	0.0302	191	0.0042	190/2	0.0107	194/1	0.0180
कुल अर्जित खसरा संख्या- 05 कुल रकबा 0.2431 हे.									

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नही है। पुनर्वास योजना का अवलोकन प्रशासक/अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(मयंक चतुर्वेदी)
कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

अ.वि.अ. (रा.) एवं
भू-अर्जन अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.)

जी-262702295/1

पूर्णिया समाहरणालय, पूर्णिया। (मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

वाहनों की सार्वजनिक नीलामी हेतु अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्णिया जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विभिन्न मद्यनिषेध थाना काण्डों में जप्त एवं अपर समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, पूर्णिया के न्यायालय द्वारा राज्यसात किए गए निम्नलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) सहायक आयुक्त मद्यनिशेध, पूर्णिया के कार्यालय परिसर में दिनांक 12.08.2026 को 11:30 बजे पूर्वाहन् से नीलामी समिति द्वारा की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रधन की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो **Excise Superintendent, Purnea के पदनाम से एवं Payable at SBI Purnea (Code no 000159) में देय होगा, के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिशेध कार्यालय में नीलामी की निर्धारित तिथि से दो दिन पूर्व संध्या 5:00 बजे तक जमा करना होगा।**

नीलामी योग्य वाहनों की विवरणी:-

क्रम सं0	अधिहरण वाद सं0/थाना नाम/ थाना काण्ड सं0	वाहन का प्रकार/ मॉडल वर्ष	वाहन का निबंधन संख्या/ईजन संख्या/चेचिस संख्या	न्यूनतम निर्धारित मूल्य (संशोधित)	अग्रधन की राशि मूल्य का 10% (रू0 में)	वाहन स्वामी का नाम एवं पता	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	158/23 बायसी थाना काण्ड सं0–512/22	MARUTI SUZUKI 2007	DL4CAV-0825	29160.00 (scrap Value)	2916.00	कैलाश चौधरी पे0–रामौतार चौधरी ग्राम–पहाड़गंज गली न0–748 मनटोला दिल्ली पिन0–110055	उक्त वाहन का निबंधन नहीं किया जा सकता है।
02	02/23 मद्यनिषेध थाना सदर काण्ड सं–841/23	TATA INDICA CAR 2007	CG10F-2847	19,781.00 (scrap Value)	1978.00	एम के राय चौधरी पे0–स्व0 एस राय चौधरी सा0–सकेंड फलौर अजीत वार्ड 02 विलासपुर छत्तीसगढ़	उक्त वाहन का निबंधन नहीं किया जा सकता है।
03	162/23 बायसी थाना काण्ड सं0–358/22	PULSAR MOTOR CYCLE 2022	निबंधन संख्या–OD23N-0150	48,843.00	4884.00	तिलक सोनी, पे0–खेदान सोनी, सा0–बाबूपदा रोड़ बोरोमन झरसुगड़ा उड़ीसा–पिन नं0768208	

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 008411 (Excise) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
जिला पदाधिकारी,
पूर्णिया।

समाहरणालय, बाँका

(मद्य निषेधशाखा)

वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना

(बिहार मद्यनिषेध एवं अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् राजसात् किये गये वाहनों की अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाँका जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में राजसात किये गये वाहनों को बिहार मद्य निशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् विभिन्न अधिहरण वादों में अधिहरण न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी, बाँका, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बाँका, अपर समाहर्त्ता-सह-मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका, जिला प्रंचायती राज पदाधिकारी-सह-मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका एवं जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-मद्यनिषेध दण्डाधिकारी, बाँका द्वारा राजसात् किये वाहनो कि सार्वजनिक नीलामी जो जहाँ है जैसे है के रुप में **11.30 बजे पूर्वाह्न में अधीक्षक मद्यनिषेध, महेशाडीह, बाँका के कार्यालय वेष्म में निम्न प्रकार से की जायेगी।**

वाहन नीलामी की तिथि नये SOP (विभागीय पत्रांक-809, दिनांक-03.02.2026) के आधार पर।		आवेदन प्राप्त की अंतिम तिथि	आवेदन प्राप्त करने का स्थान
सातवी नीलामी की तिथि	12.08.2026	10.08.2026	कार्यालय अधीक्षक मद्यनिशेध बाँका
सातवी नीलामी से भोश बचे वाहनों की आठवी नीलामी की तिथि	22.08.2026	20.08.2026	
आठवी नीलामी से भोश बचे वाहनों की नौवी नीलामी की तिथि	03.09.2026	01.09.2026	

नोटः- (1) विभागीय पत्रांक-809, दिनांक-03.02.2026 के आलोक में तीन बार नीलामी होने के पश्चात शेश बचे वाहनों की नीलामी "AS IS WHERE IS BASIS" पर किया जायेगा एवं AS IS WHERE IS BASIS पर प्रत्येक नीलामी में वाहनों के मूल्य को 10% कम करते हुए तब तक नीलामी की जायेगी, जब तक वाहन नीलाम न हो जाये।
(2) निम्नांकित वाहन के स्वामियों को भी सूचित किया जाता है कि यदि वे निम्नांकित वाहनों के लिये अपील/रिवीजन/प्रपत्र IV दायर किये हों तो इसकी सूचना साक्ष्य सहित नीलामी की तिथि के पूर्व नीलामी समिति को उपलब्ध करा देंगे।
(3) उक्त वाहन से संबंधित वाहन स्वामी यदि इच्छुक हैं तो नीलामी में भाग ले सकते हैं।

क्र0 सं0	न्यायालय, बांका का ज्ञापांक/दिनांक	उत्पाद थाना/थाना नाम/कांड सं0	वाहन का प्रकार	पंजीयन सं0/चेचिस सं0/इंजन सं0	MVI द्वारा मूल्यांकित राशि (रूपया में)	SOP के आलोक में छठी नीलामी की राशि	SOP के आलोक में सातवी नीलामी की राशि	अग्रधन की राशि (20%)	SOP के आलोक में आठवी नीलामी की राशि	अग्रधन की राशि (20%)	SOP के आलोक में नौवी नीलामी की राशि	अग्रधन की राशि (20%)	वाहन स्वामी का नाम व पता	वाहन निर्माण का वर्ष (मॉडल)	वाहन की भौतिक उप स्थिति	नीलामी समय बीमाकृत मूल्य (वाहन की बीमाकृत मूल्य)	वाहन जहाँ पर है
1	2	3	4	5	6		8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
01	6035/R 23.10.24	रजौन (नवादा बाजार) 618/22	कार	CG12R2266 CHE-MA3ESKD1S00319899 ENG-K12MN1081187	110000	64152	57737	11548	51964	10393	46768	9354	नाम-डबलू कुमार पे0-प्रशांत सा0-रेलवे कॉलनी झोपड़ पट्टी हाउस न0-213 थाना वो जिला कोरबा छत्तीसगढ़	2010			रजौन (नवादा बाजार)

समाहर्त्ता,बाँका

PR- 008467 (Excise) 2026-27
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

प्रथम पृष्ठ का शेष

नए आपराधिक कानून...

अधिकारी तथा प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शामिल होंगे। इस दौरान नए कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ पुलिस अधिकारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

दो वर्षों के अनुभवों...

साथ ही यह भी देखा जाएगा त्वरित, पारदर्शी और तकनीक आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली को लागू करने में राज्य कितना सफल रहा है।

पुलिस अधिकारियों को...

के अधिकार, चार्जशीट की समयबद्ध तैयारी तथा अभियोजन के साथ समन्वय जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

फास्ट ट्रैक कोर्ट...

प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अब यह दिल्ली से निकलकर मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे कई बड़े शहरों तक फैल गया है। प्रदर्शन में ज्यादातर 'जेन जी' और छात्र शामिल हैं, जो शिक्षा व्यवस्था की खामियों, बेरोजगारी और अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कहा है कि यह आंदोलन अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। राजनीति में भी इस आंदोलन को लेकर हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस समेत पूरे इंडिया गठबंधन ने छात्रों का समर्थन किया है. राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने संसद में नीट परीक्षा को लेकर सवाल उठाए, काले कपड़े पहनकर विरोध जताया और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई।

प्रदर्शन के साइड इफेक्ट-

दिल्ली मेट्रो के कुछ स्टेशनों पर मेट्रो सेवाएं लगातार दूसरे दिन भी प्रभावित रहीं। सत्रह मेट्रो स्टेशनों के बंद रहने से कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और अन्य यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए उन्हें लंबे वैकल्पिक मार्ग अपनाने पड़े जिससे उनका यात्रा खर्च भी बढ़ गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ, जब जंतर-मंतर पर जारी कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के विरोध-प्रदर्शन में लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।

विपक्ष छात्रों के...

घेरने की रणनीति पर चर्चा हो हुई। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद संजय यादव और सुधाकर सिंह, मीसा भारती, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होने पहुंचे। इस बीच, राहुल गांधी के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है।

छग के बांधों...

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 प्रमुख जलाशयों की कुल लाइव क्षमता 5355.709 क्यूमेक है, जिसमें 3777.550 क्यूमेक पानी मौजूद है। प्रमुख जलाशयों में जलभराव 70.53 प्रतिशत है, जबकि 2025 में यह 42.40 प्रतिशत और 2024 में 53.12 प्रतिशत था। वहीं 34 मध्यम जलाशयों की कुल लाइव क्षमता 1004.519 क्यूमेक के मुकाबले 556.940 क्यूमेक पानी उपलब्ध है। इन जलाशयों में 55.44 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। पिछले वर्ष यह 42.88 प्रतिशत था।

आधा दर्जन बांधों से छोड़ा जा रहा पानी -

केलो बांध (रायगढ़): लगातार बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने से इसके 4 गेट खोलकर पानी छोड़ा गया है। घुनघुट्टा बांध (सरगुजा): भारी बारिश से बांध के लबालब भरने के बाद इसके गेट खोले गए। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में लगातार बारिश के बीच करां नाला बांध का गेट टूटने से लीलागर नदी उफान पर आ गई। वहीं मोगरा बैराज, मुरुमसिल्ली, पारलकोट, मयाना से छोड़ा जा रहा है। स्पिलवे के जरिए सुखा नाला बैराज, राजनांदगांव से से पानी छोड़ा जा रहा है।

रपटा, पुलिया व...

बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दलिया के आश्रित ग्राम माकड़ के कोदो कुमनी नाले पर बना रपटा कम पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गया। जिससे क्षेत्र के करीब सोलह-सत्रह गांवों का संपर्क पिछले तीन दिनों से मुख्यालय से कटा हुआ है। स्कूली बच्चे व ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल व अन्य गंतव्य तक जा रहे है। वही दूसरी ओर भारी बारिश से बलरामपुर जिले के ही चांदो-सामरी मार्ग के बह जाने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। भारी बारिश के कारण कंठी घाट पर चल रहे निर्माण कार्य एवं लगातार हो रहे कटाव की वजह से यह मार्ग बेहद खतरनाक हो गया है। नतीजन जिला प्रशासन ने स्वतः ही संज्ञान लेते हुए इस मार्ग पर आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया है। इधर एनएच 343 के निर्माणाधीन होने की वजह से यह मार्ग पूरी तरह से कीचड़, जाम की वजह से लगभग चार दिनों से बंद है। लोगों को लगभग 150 किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। कुल मिलाकर तेज बारिश से जिले के कई हिस्से मुख्यालय के संपर्क से कट गए है। आज दूसरे पहर से बारिश के रूकने से लोगों को राहत की उम्मीद नजर आ रही है।

पेड़ से भिड़ी...

क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और 112 की टीम ने दोनों युवकों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मर्चुरी भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान दीपक गुप्ता (23 वर्ष) पिता राजबली गुप्ता, निवासी सड़क-50, क्वार्टर 8/एफ, सेक्टर-6 भिलाई तथा कौशिक दास (15 वर्ष) पिता स्वर्गीय चंदन दास, निवासी सड़क-33, मकान नंबर 3/ए, सेक्टर-6 भिलाई के रूप में हुई है।

सीसीटीवी देख रही पुलिस-

दुर्घटना का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। भिलाई नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जुटा रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके। इस हादसे के बाद सेक्टर-6 क्षेत्र में शोक का माहौल है। एक ही क्षेत्र के दो युवकों की असमय मौत से परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा दुख व्याप्त है।

बिजली खंभे से...

बन्धियापारा निवासी रंजीत सिंह पाटिल अपने परिवार के सदस्यों के साथ चिपरा गांव में चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद सभी लोग स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 बीएम 1040 से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान दल्लीराजहरा के मेन रोड कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में शारदा पाटिल 23 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि युवती बिलासपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। जबकि परिवार के पांच अन्य सदस्य घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद डायल 112 की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतका शारदा पाटिल, पुरुषोत्तम पाटिल की बेटी थी। परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने आई थी। मौके पर पहुंची दल्लीराजहरा पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

नीट पेपर लीक...

के कारण आरोपी छूट गए थे। सीबीआई ने इसे झूठ करार दिया है।

सीबीआई के अनुसार, वर्ष 2024 में बिहार पुलिस ने नीट 2024 परीक्षा के प्रश्नपत्र की चोरी का खुलासा किया था और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच के दौरान संदेह के आधार पर संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया का नाम सामने आया था, क्योंकि उनका नाम पहले भी कुछ अन्य परीक्षा प्रश्नपत्र चोरी और लीक के मामलों में सामने आ चुका था। इसी आधार पर बिहार पुलिस ने उन्हें एफआईआर में आरोपी बनाया था।

बाद में इस पूरे मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंप दी। जांच एजेंसी ने व्यापक जांच के दौरान प्रश्नपत्र चोरी, उसके वितरण और उससे लाभान्वित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान की। जांच में शामिल सभी आरोपियों और लाभार्थियों की पहचान कर ली गई तथा उनके खिलाफ पटना की सक्षम अदालत में कुल 45 आरोपियों के विरुद्ध कई आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किए गए हैं। जांच के दौरान उपलब्ध सभी साक्ष्यों, डिजिटल सबूतों, गवाहों के बयान और अन्य तथ्यों का गहन विश्लेषण किया गया। इसके बावजूद संजीव मुखिया की प्रश्नपत्र चोरी या उसके वितरण में किसी भी प्रकार की भूमिका का कोई साक्ष्य नहीं मिला। इसलिए सीबीआई ने उनके खिलाफ इस मामले में आरोपपत्र दाखिल नहीं किया।

पेपर लीक की कड़ी से कड़ी जोड़ी-

सीबीआई का कहना है कि इस केस को टेकओवर करने के बाद एजेंसी ने पेपर लीक करने और उसे आगे अलग-अलग लोगों तक पहुंचाने की एक-एक कड़ी की गहनता से जांच की गई। इस कांड में शामिल हर एक व्यक्ति की पहचान की गई।

कौन है संजीव मुखिया ?-

संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया मूलरूप से नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड का रहने वाला है। बीते डेढ़ दशक में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक में उसका नाम आ चुका है। साल 2010 में मेडिकल परीक्षा में सबसे पहले उसका नाम आया था। फिर बिहार सिपाही भर्ती 2016 और 2020 में शिक्षक भर्ती में नाम उछला। इसके बाद नीट पेपर लीक में भी उसका नाम आया। संजीव मुखिया की पत्नी ममता कुमारी 2020 में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर बिहार विधानसभा का चुनाव हरनौत सीट से लड़ चुकी हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद महासमुन्द, जिला-महासमुन्द छ.ग.

क्रमांक/1311/ लो.नि.वि./न.पं./2026-27 महासमुन्द, दिनांक- 23/07/2026

// संशोधित मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगरपालिका परिषद् महासमुन्द के अधीन निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मैन्यूअल निविदा प्रपत्र "A" एवं "ABC" में छ.ग. लोक निर्माण विभाग मे प्रचलित भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2025 प्रचलित दर अनुसूची के आधार पर प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 13.08.2026 समय 5.30 बजे
01. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 14.08.2026 समय 4.00 बजे

नोट :- कार्यों की सूची एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं शासन के वेबसाइड www.uad.cg.gov.in में अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद महासमुन्द

कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

E-mail :corporationraigarh@gmail.com
Phone No:- 07762-222911

क्रमांक 1827 / जल वि./न.पा.नि./ 2026 रायगढ़, दिनांक 22/07/2026

-: द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिक निगम रायगढ़ के बोरवेल एवं हेण्ड पंप के पास रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट निर्माण कार्य, कार्य की लागत राशि 20.00/- लाख रु., अमानत राशि 15,000.00/- रु., निविदा प्रपत्र शुल्क 750.00/- रू. हेतु प्रचलित SOR (CG PHE SOR 2020, Amendment No. 07/2022) से कम/अधिक अथवा समान दर पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (डी वर्ग या उससे ऊपर) से निविदा प्रपत्र "अ" में देय होगा। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी System Tender No. 195985 ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.govt.in/WWW.nagarnigamraigarh.com /uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है, निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 10.08.26 अपरान्ह 04.30 बजे तक स्पीडपोस्ट / पंजीकृत डाक से मुहर बंद पद्धति से आमंत्रित की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय, नगरपालिका परिषद महासमुन्द जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

Tele Phone No- 07723-224985, Email ID- nppmahasamund@gmail.com

क्र. / 1309 / न.पा. / लो.नि.शा. / 2026-27 महासमुन्द दिनांक 23.07.2026

// निविदा निरस्त सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्र. / 1246 / न.पा / लो.नि.वि. / 2026-27 महासमुन्द दिनांक 17.07.2026 द्वारा नगर पालिका परिषद महासमुन्द में मैन्युअल निविदा आमंत्रित की गई है, जिसे तकनीकी कारणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद महासमुन्द

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 1786/ राजस्व/न.पा.नि./2026 अम्बिकापुर, दिनांक 23/07/2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा दैनिक बाजार स्थित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनान्तर्गत निर्मित दुकान का आबंटन निगम क्षेत्रान्तर्गत निवासरत पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित शर्तों एवं मापदण्डों के अनुरूप आबंटित किये जाने हेतु पात्र हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में निम्न दुकानों हेतु आमंत्रित किये जाते हैं:-

स. क्र.	वर्ग	दुकानों की संख्या	शटर युक्त दुकानों का संख्या	बिना शटर युक्त दुकान की संख्या	छोटा शेड क्र.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	अ.जा.	4	-	0	10,13,14
	अ.ज.जा.		-	16	-
2	अ.पि.व./विधवा एवं परित्यकता महिला	1	-	-	4
3	दिव्यांग/भु.सै./स्वतंत्र सेनानी	2	11	-	15
4	शिक्षित बेरोजगार	1	-	12	
5	महिला	2	-	14	5
6	सामान्य	13	10	13,15,17	1,2,3,6,7,8,9,11,12

अतः इच्छुक पात्र हितग्राही निर्धारित प्रारूप में दिनांक 10/8/2026 दिन सोमवार को अपरान्ह 05:00 तक आवेदन पत्र निगम कार्यालय के गौरवपथ स्थित प्रशासनिक भवन में जमा करें। आबंटन की पूर्ण नियम एवं शर्तों का अवलोकन तथा आवेदन का प्रारूप निगम के प्रशासनिक भवन के राजस्व शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकेगा।

नियम व शर्तें:-

1. प्रत्येक दुकान का आकार 08x10 फीट तथा शेड का आकार 4X3 प्रीमियम राशि 8000/-एवं मासिक किराया रूपये 800/- प्रतिमाह है।
2. छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में रहने वाले 18 से 40 वर्ष तक की आयु के युवक/युवतियां जिनके स्वयं के पास रोजगार का कोई साधन न हो तथा जिनके अभिभावक / पालक की आय 100000/- प्रतिवर्ष से कम हो इस योजना का लाभ उठाने के पात्र होंगे। (तत्संबंध में शैक्षणिक योग्यता एवं निवास संबंधी प्रमाण-पत्र /अंकसूची संलग्न करें।)
3. शिक्षित बेरोजगार वर्ग हेतु आवेदक का छत्तीसगढ़ राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। (प्रमाण-पत्र संलग्न करें।)
4. आवेदक के अभिभावक / पालक की वार्षिक आय रूपये 100000/- से कम होनी चाहिये। (तहसीलदार द्वारा, जाति प्रमाण-पत्र / आय प्रमाण-पत्र संलग्न करें।)
5. उपरोक्त प्रमाण-पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 10/8/2026 दिन सोमवार को अपरान्ह 05:00 बजे तक निगम कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- घर में रहकर झाड़ पोछा एवं साफ सफाई कार्य करने हेतु पुरुष कर्मचारी या लड़के की आवश्यकता है। दोपहर 12बजे के बाद सम्पर्क करें- 9827195555 **(41485)**

आवश्यकता है- घर में खाना बनाने के लिए अनुभवी लेडीज कुक की आवश्कता है जो नॉनवेज भी बनाती हो। पुराना बस स्टैंड, इमलीपारा संपर्क करें 9425535359 **(41488)**

आवश्यकता है- मशरूम स्पान (बीज) बनाने हेतु 8वीं पास 18वर्ष से 25वर्ष के लड़के एवं लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- श्याम मशरूम एण्ड एग्रो, अशोक नगर चौक, सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 8085730725 **(41489)**

Requirment- Site Engineer cum Quality Control Engineer and Safety Officer each one no for NTPC Lara Raigarh Contact- No. whats App 62605 74796, 7803080551 **(41465)**

आवश्यकता है- नौकरी का सुनहरा अवसर! सकरी, बिलासपुर स्थित प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी में ऑफिस बॉय (किचन स्टाफ) चाहिए। चाय, नाश्ता एवं ऑफिस किचन कार्य अनुभव वांछनीय। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- 9589000680 **(41483)**

आवश्यकता है- अनुभवी, जिम्मेदार ड्राइवर की आवश्यकता है SUV एवं Sedan (ऑटोमैटिक) वाहन चलाने का अनुभव आवश्यक। योग्यता- वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं अच्छा ड्राइविंग रिकॉर्ड। वाहन की साफ, सफाई, नियमित देखभाल का ज्ञान। घरेलू एवं कार्यालय संबंधी कार्य, जैसे बाजार से सामान लाना, घर के कार्य तथा अन्य आवश्यक जिम्मेदारियाँ निभाने में सक्षम, ईमानदार, जिम्मेदार, विनम्र, समय का पाबंद। आकर्षक वेतन एवं अन्य सुविधाएँ। सम्पर्क करें- 9131312593 **(41481)**

आवश्यकता है- 3 कार 8 बाईक को डेली वॉश करवाना है। शांती नगर रिंग रोड 2 में जिसे कार वॉश का अनुभव हो। संपर्क करे सुनील 97533 30000 **(41473)**

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए (कम्प्यूटर एवं ऑफिस कार्य एवं ई-मेल चेक कर जवाब देने का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता) कार्य स्थल- सिरगिट्टी, बिलासपुर। अपना रिज्यूम व्हाट्सएप्प नंबर 9111035252 पर भेजे। **(41486)**

आवश्यकता है- अनुभवी इंडियन/ चाइनीज/ तन्दूर शैफ डिलिवरी ब्वॉय एवं होटल में किचन तथा काउंटर संभालने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- करबला रोड बिलासपुर 7869586011, 9329233000 **(41475)**

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड- 17000 सुपरवाइजर- 18000 फील्ड अधिकारी- 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर- 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय 06 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 77470 00016, 7747000019, 7746000019 **(891)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- यूपीवीसी एवं सिस्टम विंडो की बिक्री हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव चाहिए। वेतन अनुभव अनुसार+ इंसेंटिव। यूपीवीसी, मॉड्यूलर किचन, प्लाईवुड, फर्नीचर, हार्डवेयर, बिल्डिंग मटेरियल क्षेत्र के अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 6260435141 **(41482)**

आवश्यकता है- बिलासपुर में नेहरु नगर स्थित घर में खाना बनाने एवं गृह कार्य करने हेतु सुबह से शाम तक के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें 70003 70264 **(41461)**

आवश्यकता है- दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता काम का समय सुबह 9.30 से रात 8.30 तक सम्पर्क करें- 7869797088, 87709 39973 **(41460)**

आवश्यकता है- शिवांगी ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड में कम्प्यूटर डाटा एंट्री ऑपरेटर युवक/ युवती चाहिए (टैली, MS, एक्सल अनुभवी हो) अनुभव 5-7वर्ष, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 11बजे से शाम 6बजे तक 8602512374 **(41470)**

आवश्यकता है- कास्मेटिक दुकान मे कार्य करने हेतु सेल्समेन एवं जनरल कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करें सुनील प्लास्टिक, तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर **(41474)**

आवश्यकता है- कार्टून पैकिंग एवं दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती युवक/युवती एवं बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है संपर्क करें मालिकराम मेडिकल एजेंसी तेलीपारा बिलासपुर **(41478)**

आवश्यकता है- मित्तल फर्नीचर, अमेरी चौक बिलासपुर में सेल्स के लिए अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क 9826663999 **(41467)**

आवश्यकता है- कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी डेन्टल क्लीनिक में महिला स्टाफ की आवश्यकता है (अनुभवहीन को शुरुआती वेतन 5000 होगा) जरूरतमंद लड़कियां सम्पर्क करें- सिम्स गेट नम्बर 3 के सामने, प्रिन्स कॉम्प्लेक्स, बिलासपुर 9617773900 **(41468)**

आवश्यकता है- पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन, अनुभवी कार ड्राइवर बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- दोपहर 3 से शाम 5बजे, निष्कर्ष पैथोलॉजी क्लीनिक प्रथम तल, डॉ. अग्रवाल एक्स-रे एवं सोनोग्राफी क्लीनिक, जूनी लाइन, बिलासपुर 7869911027 **(41472)**

आवश्यकता है- Hotel The Tayal में फ्रंट ऑफिस हेतु स्मार्ट, विनम्र लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता- 12वीं ग्रेजुएट, कार्य समय- 10घंटे सम्पर्क- Hotel The Tayal, सीपत रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर 7987498938 **(41476)**

आवश्यकता है- बिजी साफ्टवेयर जानकार महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। कार्य समय सुबह 9:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक, वेतन- 6000 सम्पर्क करें- जयपुर मूर्ति भंडार, अशोक नगर, सरकंडा बिलासपुर 9827110908 **(41477)**

आवश्यकता है- बच्चो, मरीजों, बुजुर्गों की देखभाल आल राउण्डर कुक चौकीदार आया ड्राइवर हाउस कीपिंग वेटर, एक पद प्यून पहली से 8वीं तक पढ़ाने हेतु शिक्षक पता- शर्मा केयर टेकर्स बिलासपुर 7024477656 **(41466)**

आवश्यकता है- मोटर पार्टस दुकान में कार्य हेतु 10वीं, 12 वीं पास लड़का चाहिए। (जूना बिलासपुर गांधी चौक, शिव टाकिज चौक भगर पारा, मन्दिर चौक का रहने वाला हो) सम्पर्क करें- 8927400000 **(41469)**

आवश्यकता है-कानूनी पुस्तकों की मार्केटिंग एवं दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए टाइपिस्ट को प्राथमिकता वेतन 7000 से 10000+ कमीशन पता- आदर्श लॉ हाउस, डीपी कॉलेज के सामने, बिलासपुर 9827079947 **(41463)**

बेचना है

बेचना है- बाबजी नगर, तिफरा स्थित 2BHK 713 वर्गफुट में निर्मित फ्लेट नम्बर A-6 तत्काल बेचना है। सम्पर्क करें- 932956 0365, 9993771201 **(41487)**

बेचना है- मकान बिक्री हेतु सर्वसुविधायुक्त तीन मंजिला मकान 1860 वर्गफीट में निर्मित निकलेश्वरम कॉलोनी मार्क हॉस्पीटल के पास, बिलासपुर में स्थित को बेचना है। सम्पर्क करें- उत्तमकुमार दास 99931 54482, 9826182703 **(41484)**

शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.Ed, B.A, B.Com B.Sc,Bca,Mca Bba, Llb, M.A, M.Com M.Sc, Mba, Msw, B.Lib, M.Lib, Dca, Pgdca, Polyte-chnic, B.tech M.tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sec.-6, Bhilai 98261 96515, 9826896515 **(4157)**

फायनेंस

फाइनेन्स-राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा सम्पर्क करें-7988465321,79884 65321 **(048)**

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

मां के खेलने के तीन दशक बाद नीदरलैंड में भारत के लिए विश्व कप खेलेगा बेटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रीतम रानी सिवाच ने नीदरलैंड में 1998 में विश्व कप खेला था तब यशदीप सिवाच का जन्म भी नहीं हुआ था। विधि का विधान है कि करीब तीन दशक बाद वह उसी देश में, उसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पदार्पण करने जा रहे हैं । भारतीय हॉकी में यह श्रेय हासिल करने वाली मां-बेटे की यह पहली जोड़ी है।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में यशदीप भारतीय टीम का हिस्सा हैं और उनके इस टूर्नामेंट से काफी जज्बात जुड़े हैं। मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेल 2002 की स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य रही है।

टीम में चयन पर सबसे पहले मां को बताया

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच के बेटे ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,"जब मुझे विश्व कप टीम में चयन का पता चला तो सबसे पहले मैने अपनी मां को बताया । वह काफी भावुक थी क्योंकि उन्होंने भी 1998 में नीदरलैंड के यूट्रेक्ट में विश्व कप खेला था ।"

विश्वकप में मां ने कोरिया के खिलाफ दो गोल दागे थे

26 वर्ष के इस डिफेंडर ने कहा , '' मेरे लिये विश्व कप में उसी देश में भारत के लिये खेलना जहां मेरी मां भी खेल चुकी है, बहुत खास है ।'' भारतीय महिला हॉकी टीम यूट्रेक्ट विश्व कप में बारहवें और आखिरी स्थान पर रही थी लेकिन प्रीतम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में दो गोल दागे थे।

कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप

कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप बचपन से अपनी मां का वह एलबम देखते आये हैं जिसमें उनकी एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंट के फोटो और टीम फोटो हैं और शायद वहीं से उनके भीतर भी हॉकी स्टिक थामने का शौक पैदा हुआ । माता पिता के साथ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और दिल्ली में 2010 विश्व कप उन्होंने देखा था ।

मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किए

यशदीप ने कहा ,'' मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किये हैं । उनके पास पूरी एलबम है जिसमें एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंटों के फोटो , साथी खिलाड़ियों के फोटो हैं । मैं बचपन से देखता आ रहा हूं । उनकी टीम से बात होती रहती है और मुझे सबसे मार्गदर्शन मिलता है ।'' बचपन में मां को अक्सर राष्ट्रीय शिविरों और टूर्नामेंटों में देखने वाले यशदीप को उनकी कड़ी मेहनत और बलिदानों का महत्व राष्ट्रीय शिविर में आने के बाद अधिक समझ आने लगा ।

रिटायर होने के बाद भी कोचिंग से जुड़ी

इतने साल लगातार खेलने के लिये अपनी फिटनेस (मानसिक और शारीरिक) और खेल का ध्यान रखना पड़ता है ।' उन्होंने कहा ,''रिटायर होने के बाद भी वह कोचिंग के जरिये हॉकी से जुड़ी हैं और अभी भी नीदरलैंड में मास्टर्स विश्व कप खेल रही हैं । मैने बचपन से देखा है कि कैसे मेरी बहन के पैदा होने के बाद भी वजन कम करके वापसी की थी ।'

हॉकी यशदीप के खून में है

हॉकी यशदीप के खून में हैं चूंकि उनके पिता कुलदीप भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और अब मशहूर कोच हैं जो हरियाणा में अपनी पत्नी के साथ प्रीतम सिवाच अकादमी चलाते हैं । चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना हालांकि अधूरा रह गया। जूनियर राष्ट्रीय टीम में खेल चुकी बहन कनिका सीनियर टीम में पदार्पण की दहलीज पर है ।

पोडियम पर मां-पिता का सपना पूरा करना चाहते हैं

सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप काफी मायने रखता है और पोडियम पर रहकर अपनी मां और पिता का अधूरा सपना यशदीप पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,'' सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप बहुत खास है । मैं अपने माता पिता का सपना पूरा करना चाहता हूं और अपनी बहन के लिये प्रेरणा बनना चाहता हूं ।''

मेरी ट्रेनिंग पापा ने कराई

प्रीतम दिग्गज मिडफील्डर रही हैं और कनिका फॉरवर्ड खेलती हैं लेकिन यशदीप को गोल करने से ज्यादा बचाने में मजा आता है। उन्होंने कहा ,'' मेरी मां और बहन के नाम ज्यादा गोल होंगे लेकिन मुझे फुटबॉल फैन होने के कारण गोल बचाने और गोल में सहायता करने में ज्यादा मजा आता है । इसके अलावा मेरी ट्रेनिंग बचपन में पापा ने कराई जो डिफेंडर थे ।''

खबर संक्षेप

जिदान अगले हफ्ते फ्रांस के नए कोच घोषित हो सकते हैं

पेरिस। फ्रांस के नए फुटबॉल कोच की घोषणा मंगलवार को होगी और उम्मीद है कि डिडिएर डेसचैम्प्स की जगह जिनेदिन जिदान लेंगे।
फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसके अध्यक्ष फिलिप डियालो पेरिस में मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोच के नाम का ऐलान करेंगे। जिदान (54 साल) ने 2021 में रियाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम को कोचिंग नहीं दी है। मिडफील्ड के इस दिग्गज ने 2016-18 के दौरान मैड्रिड को लगातार तीन चैम्पियंस लीग खिताब दिलाए थे। डेसचैम्प्स 14 साल तक फ्रांस के कोच रहे और विश्व कप के बाद पद छोड़ दिया जिसमें फ्रांस को सेमीफसइनल में स्पेन से हार का सामना करना पड़ा था। डेसचैम्प्स की कोचिंग में फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता और 2022 में पेनल्टी शूटआउट में फाइनल हार गया। टीम 2016 में अपने घरेलू मैदान पर यूरोपीय चैंपियनशिप का फाइनल भी हार गई थी। जिदान ने 1998 के विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने फाइनल में ब्राजील के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए थे। दो साल बाद जब फ्रांस ने यूरोपीय चैंपियनशिप जीती तब भी उन्होंने शानदार खेल दिखाया था।

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल : भारत की रूपा रानी और पिंकी ने पहला सेट अपने नाम किया

भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराया

दूसरा सेट माल्टा की लूसी और कोनी ने 3-4 से जीता

ग्लास्गो ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारत की रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी (स्किप) ने पहला सेट 7-1 से अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में उन्हें माल्टा की रेबेका लूसी रिक्सन (लीड) और कोनी ले रिक्सन (स्किप) की जोड़ी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ग्रुप बी के पहले दौर के मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। टाई-ब्रेक में भारतीय टीम अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रही थीं लेकिन अंत में पिंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आखिरी बॉल के साथ निर्णायक बढ़त दिलाते हुए भारत को जीत दिला दी।

इस बार दोनों वर्ग में एकल व युगल स्पर्धाएं ही

इस बार केवल पुरुष और महिला एकल तथा पुरुष और महिला युगल स्पर्धाएं ही शामिल की गई हैं। भारत ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर्स स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था।

इस बार पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटाया गया

भारतीय महिला पेयर्स टीम शुक्रवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। टिर्की और पिंकी दोनों ही 2022 के बर्मिंघम राष्ट्र मंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला फोर्स टीम का हिस्सा थीं। हालांकि, ग्लास्गो राष्ट्र मंडल खेलों में बॉल्स प्रतियोगिता से पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटा दिया गया है।

राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में भारत की उम्मीदें लवलीना पर

रिंग में उतरे बिना अपना पहला राष्ट्रमंडल खेलों का पदक पक्का कर चुकी लवलीना बोरगोहेन की नजरें शुक्रवार से खेले जाने वाले मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार दस ही खेल स्पर्धायें आयोजित की जा रही है और भारत को मुक्केबाजों से पदकों की उम्मीद है। मुक्केबाजी में भारत को अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों में 44 पदक मिले हैं। भारत के आठ मुक्केबाजों को पहले दौर में बाय मिला है । जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया घंघास (60 किलो), प्रीति पवार (54 किलो) पदक पक्का करने से एक जीत पीछे हैं । पूर्व विश्व चैम्पियन लवलीना (75 किलो) को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है जिसमें पांच ही मुक्केबाज हैं ।

विश्व चैंपियन जैसमीन पदक की प्रबल दावेदार

सात सदस्यीय भारतीय महिला टीम बर्मिंघम के रिकॉर्ड की बराबरी या उसे बेहतर कर सकती है जहां उसने दो स्वर्ण और एक कांस्य जीता था ।

डोपिंग नियम उल्लघंन के कारण भारोत्तोलन में भारत का कोटा घटा

दिलबाग सिंह टीम से बाहर

ग्लास्गो ▶▶| ग्लास्गो

क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान कई डोपिंग रोधी नियम उल्लंघनों (एडीआरवी) के कारण भारत का कोटा कम किए जाने के बाद भारोत्तोलक दिलबाग सिंह को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए दल से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का भारोत्तोलन कोटा 16 से घटाकर 11 कर दिया गया है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। महासंघ का कहना है कि उसे कोटा घटाए जाने की जानकारी बुधवार को ही मिली। एक विश्वसनीय सूत्र ने बातचीत में कहा, ''महासंघ को 12 से घटाकर 11 भारोत्तोलकों का कोटा किए जाने की जानकारी कल ही मिली।'' सूत्र ने बताया, ''चूंकि दिलबाग पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और उन्होंने बर्मिंघम में आयोजित तैयारी शिविर के दौरान बिल्कुल भी ट्रेनिंग नहीं की इसलिए उन्हें टीम से बाहर करने का फैसला किया गया। '' राष्ट्रमंडल खेलों से पहले एन अजीत (71 किग्रा), साईराज परदेशी (88 किग्रा) और हरचरण सिंह (110 किग्रा) पर डोपिंग के कारण प्रतिबंध लगाया गया था।

महिला वर्ग में वंशिता भी प्रतिबंधित

महिला भारोत्तोलक वंशिता वर्मा (86 किग्रा) को भी क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर प्रतिबंधित किया गया था। कोटा में यह कटौती भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि डोपिंग से जुड़े मामलों के कारण इस खेल को पहले भी कई बार प्रतिबंधों और दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

मांडविया ने साइकिलिंग रैली की अगुवाई की

नई दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ साइकिलिंग रैली की अगुवाई की और भारतवंशियों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान 'चीयर फोर इंडिया' मुहिम में शामिल होने का अनुरोध किया । मांडविया ने सभी भारतीयों से फिट इंडिया आंदोलन में सक्रिया भागीदारी का आग्रह भी किया । उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये भी कहा। उन्होंने आगे कहा कहा कि साइकिलिंग कई समस्याओं का समाधान है जिससे फिटनेस को बढावा मिलता है, प्रदूषण कम होता है और ट्राफिक जाम से निजात मिलती है। उन्होंने कहा ," साइकिलिंग मुहिम के तहत हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि साइकिलिंग से हमारा स्वास्थ्य, पर्यावरण और धरती की सुरक्षा में मदद मिलती है ।"

सिंधू चाइना ओपन के दूसरे दौर से बाहर

शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही, चीन की खिलाड़ी चेन से हार गई

एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर के मैच में चीन की खिलाड़ी चेन युफेई से तीन गेम के कड़े मुकाबले में हारकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में सिंधू विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई से 21-16, 20-22, 18-21 से हार गईं।

हैदराबाद की रहने वाली 30 वर्षीय सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को

खत्म किया था और उन्हें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। पहले गेम से ही यह स्पष्ट हो गया था कि मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है। भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया था। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल करके पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में वापसी करने की बारी चेन की थी। सिंधू ने चार मैच प्वाइंट गंवाए।

चेन ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली चेन ने 16-20 की स्थिति से वापसी करते हुए यह गेम 22-20 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

सूर्यवंशी के तूफान में उड़ी जिम्बाब्वे

ग्लास्गो :हरारे

तेज गेंदबाजों मयंक यादव और प्रिंस यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे के सात विकेट से हराकर तीन मैच

की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। जिम्बाब्वे के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यवंशी (50 रन, 19 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और इशान किशन (35 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्का) की पारियों से 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 28 रन बनाए।

द ओवल में अगले साल नौ जून से खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी फाइनल

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल नौ से 13 जून तक 'द ओवल' में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पिछले साल 2027, 2029 और 2031 के अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के अधिकार हासिल किए थे। प्रत्येक चरण के लिए मैदान का चयन मेजबान बोर्ड इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) करेगा। अब तक खेले गए डब्ल्यूटीसी के तीनों फाइनल भी ब्रिटेन में ही आयोजित हुए हैं। यह दूसरा मौका होगा जब 'द ओवल' डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/820 Raipur, date 22.07.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/54	Annual maintenance & upkeep of various garden, lawns situated in difference location inside power house complex and MHP & CW pump house area at HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-Comp. No. 389780**	21.42 Lacs
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/55	Making of cement concrete road at 400KV switch yard 4x210MW HTPS, CSPGCL, Korba West. **E-Comp. No. 308763**	18.00 Lacs
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/56	Urgent dismantling of existing foundation and micro concrete works for new base frame of 04 nos. of boiler feed pump at 4x210MW, HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 372301**	5.69 Lacs
CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/57	Miscellaneous civil works in AC plant, AHUs of feeder floor, BMD-I (AH&F), DM plant, near debris filter of unit IV, near BFP unit III and store room near chimney-II for Ash Handling-I at 4x210MW HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 337393**	5.58 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने पत्र क्रमांक/भवन विकास / 2025-26/250 मुंगेली, दिनांक 17.04.2026 के माध्यम से विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम भालापुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना किये जाने हेतु शासन से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु स्थानीय मुख्य मार्ग पर शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया जाकर स्वास्थ्य विभाग को आवंटन किया जाना है। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए कम से कम 2-3 एकड़ भूमि स्थल चिन्हांकन कर स्वास्थ्य विभाग को आबंटित करने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली के माध्यम से जांच प्रतिवेदन मय अभिमत हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में हल्का पटवारी के प्रतिवेदनानुसार ग्राम भालापुर प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. टेमरी तहसील मुंगेली स्थित शासकीय घांस भूमि खसरा नंबर 275 रकबा 1.943 हेक्टेयर (4.80 एकड़) में से रकबा 1.60 एकड़ भूमि को आबंटन हेतु प्रस्तावित किया है। जबकि ग्राम पंचायत भालापुर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन हेतु ग्राम भालापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 275 रकबा 1.943 हेक्टेयर में से रकबा 2.00 एकड़ भूमि को आबंटन हेतु प्रस्तावित किया है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड मुंगेली

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

अनुलग्न-अ

कार्य का विवरण- बिलासपुर रेलवे स्टेशन के निर्धारित स्थल पर स्मृति चिन्ह, खिलौने एवं उपहार की दुकान की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु लाइसेंस के आबंटन के लिए ई-नीलामी ।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के निर्धारित स्थल पर स्मृति चिन्ह, खिलौने एवं उपहार की दुकान की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु लाइसेंस के कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग दिनांक **09.07.2026** को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार है:-

कैटेलॉग क्र.	श्रेणी	नीलामी दिनांक एवं समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
MSS-JULY-2026-2	Misc-Static-Services-Static General	30.07.2026 14:30	MSS-BSP-BSP-STGen-142-26-2	बिलासपुर रेलवे स्टेशन के निर्धारित स्थल पर स्मृति चिन्ह, खिलौने एवं उपहार की दुकान की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु लाइसेंस ।	1096 दिन

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (Chg.)
सीपीआर/10/308 *द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर*

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(NAAC A' Accredited Central University/NAAC द्वारा A+ ग्रेड मान्यता प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Website: www.dhsgsu.edu.in

स्नातक प्रोग्रामों में प्रवेश हेतु सूचना: 2026-27
ADMISSION NOTICE FOR UNDERGRADUATE PROGRAMS: 2026-27

निम्नलिखित विषयों पर स्नातक कार्यक्रमों (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है:
(1) बैचलर ऑफ आर्ट्स (बी.ए.) (2) बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बी.एफ.ए.) (3) बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम) (4) बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.) (ऑनर्स) (5) बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए. बैंकिंग एण्ड फाइनेंस) (6) बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी. बायो. समूह) (7) बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी. गणित. समूह) (8) बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) (9) बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्म.) (10) बी.ए.एलएल.बी (ऑनर्स, 05 वर्ष) (11) बैचलर ऑफ आर्ट्स (जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन) (बी.ए.जे.एम.सी.) (12) बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (तबला तालवाद्य) (13) बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत) (14) बैचलर ऑफ आर्ट्स (वैदिक अध्ययन) (15) बैचलर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी साहित्य) (ऑनर्स)।
एकीकृत शिक्षा आईटीईपी कार्यक्रम: (1) बी.ए.- बी.एड. (2) बी.एससी. बी.एड (बॉयो / गणित समूह) (3) बी.कॉम.- बी.एड.

पंजीकरण की अंतिम तिथि	26.07.2026	संपर्क विवरण: फोन-07582-297123	ईमेल: admission@dhsgsu.edu.in

प्रवेश संबंधी विवरण, कार्यक्रम और नवीनतम अपडेट के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in का प्रतिदिन अवलोकन करना अपेक्षित है।

cbc 21273/11/0001/2627 कुलसचिव

SBI भारतीय स्टेट बैंक तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा
ब्लॉक बी-1, पुजारी चेंबर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छ.ग., मो. 9407685755, 7049119901, sbi.10009@sbi.co.in

मांग सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि उन्होनें बैंक से जो ऋण लिया है उसके मूलधन और ब्याज के पूर्नभुगतान में चूक की है जिस कारण उनका खाता अनर्जक आस्ति (NPA) में परिवर्तित हो गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत इन सभी को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था **लेकिन उन्होंने बिना तामिल किए वापस लौटा दिया गया** अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

क्र.	उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण / लागू होने वाली सुरक्षित सम्पत्ति का पता	नोटिस की तिथि / एन.पी.ए. की तिथि	बकाया राशि
1.	**उधारकर्ता- श्री जगदीश मिरानी** पिता श्री विनोद मिरानी एवं **सह-उधारकर्ता- श्रीमती सारिका मिरानी** पति श्री जगदीश मिरानी, दोनों का पता: टिकरापारा, रामदास नगर बिलासपुर, पोस्ट एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.), पिन-495001	संपत्ति का समस्त भू-भाग भूमि स्थित प्लॉट नंबर 143 एवं 144, प.ह नंबर 47, नया खसरा नंबर 786/49 (पुराना खसरा नंबर 786/3 का भाग), श्री राम पार्क, मौजा परसदा, ब्लॉक व तहसील - सकरी, ज़िला- बिलासपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल- 3600 वर्ग फीट (334.44 वर्ग मीटर), मालिकाना हक- श्रीमती सारिका मिरानी पति श्री जगदीश मिरानी एवं श्री जगदीश मिरानी पिता श्री विनोद मिरानी । सेल डीड दिनांक 12.04.2022, पुस्तक क्रमांक 1, ग्रंथ क्रमांक 987, पृष्ठ क्रमांक 197 से 242 तक, संख्या क्रमांक 241, उप - रजिस्ट्रार कार्यालय- बिलासपुर (छ.ग.)। सीमाएँ: उत्तर: प्लॉट नंबर 142, दक्षिण: प्लॉट नंबर 145, पूर्व: 30 फ़ीट चौड़ी कॉलोनी रोड, पश्चिम: प्लॉट नंबर 157 एवं 158.	24.06.2026 25.11.2025	रू. 78,76,800.00 दिनांक 23.06.2026 को

इन्हें सूचित करने के लिये प्रतिस्थापित तामिल किया गया है। उपरोक्त उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के पश्चात वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। **प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.**

यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है । व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा ।

दिनांक: 24.07.2026, स्थान- बिलासपुर **प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब रायपुर**

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Eye Strain
Eye Dryness
Eye Tiredness
Eye Freshness
Eye Cleanliness
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
Clinically Tested*
24x7 Helpline: 8196822222
www.eyemantra.com
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS

आँखों की थकान
दूर करने का
आसान समाधान
प्रयोग विधि:
2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या
चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

रिश्तेदारों को घर बुलाओ और 78 हजार रुपए के फ्री वाउचर पाओ

अबूधाबी। युद्ध की मार झेल रहे टूरिज्म सेक्टर को दोबारा खड़ा करने के लिए दुबई सरकार एक शानदार ऑफर लेकर आई है। 'एक दुबई आमंत्रण' प्रोग्राम के तहत यूएई के निवासी अगर अपने विदेशी रिश्तेदारों या दोस्तों को दुबई बुलाते हैं, तो उन्हें 3000 दिरहम (करीब 78 हजार रुपए) से ज्यादा के फ्री वाउचर मिलेंगे। इन रिवॉर्ड्स का इस्तेमाल मुफ्त होटल स्टे, डाइनिंग और टूरिस्ट अट्रैक्शन के लिए किया जा सकता है।

31 अक्टूबर तक आने वाले मेहमानों पर मिलेगा फायदा

दुबई डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमी एंड टूरिज्म के मुताबिक, यह स्कीम उन मेहमानों के लिए है जो 20 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 के बीच दुबई पहुंचेंगे। इसका लाभ उठाने के लिए यूएई के निवासियों को मेहमानों के आने से पहले ऑनलाइन फॉर्म भरकर उन्हें नॉमिनेट करना होगा। एक बार में अधिकतम पांच लोगों के नाम दर्ज किए जा सकते हैं। ज्यादा मेहमान होने पर अलग से फॉर्म सबमिट किया जा सकता है।

इन जरूरी नियमों का भी रखें ध्यान

- एक मेहमान को सिर्फ एक ही बार नॉमिनेट किया जा सकता है। अगर किसी एक ने उसे पहले ही रजिस्टर कर लिया है, तो दूसरी नॉमिनेशन मान्य नहीं होगी।
- मेहमान के दुबई पहुंचने पर पर्यटन विभाग को अलग से जानकारी देने की जरूरत नहीं है, वेरिफिकेशन अपने आप हो जाएगा।
- मेहमान के पहुंचने के 72 घंटे के अंदर निवासी के पास ईमेल आ जाएगा। इन वाउचर्स को अगस्त 2026 से जारी किया जाएगा।

कौन ले सकता है इस ऑफर का फायदा?

18 साल या उससे ज्यादा उम्र के यूएई नागरिक और निवासी, जिनके पास वैध एमिरेट्स आईडी है। जो विदेशी मेहमान वैध टूरिस्ट वीजा या 'वीजा ऑन अराइवल' पर 20 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 के बीच फ्लाइट, सड़क या समुद्र के रास्ते दुबई आ रहे हैं। ध्यान रहे, इस प्रोग्राम में वीजा सुविधा शामिल नहीं है। मेहमानों को अपने वीजा का इंतजाम खुद करना होगा।

78 हजार के पैकेज में क्या-क्या मिलेगा?

इस रिवॉर्ड पैकेज का इस्तेमाल दुबई के नामी होटलों (जैसे- डब्ल्यू दुबई, द वेस्टिन, ले मेरिडियन, मेलिया डेजर्ट पाम और आईएचजी होटल्स), बेहतरीन रेस्टोरेंट्स और टूरिस्ट स्पॉट्स पर किया जा सकता है। इसके अलावा करीम और हला जैसी लाइफस्टाइल सेवाओं में भी ऑफर्स मिलेंगे। इस पूरी स्कीम के दौरान एक निवासी अधिकतम तीन रिवॉर्ड पैकेज ही हासिल कर सकता है।

मंगल ग्रह पर मिला मैग्मा की नदियों का सबूत क्या कभी रहने लायक था रेड प्लेनेट ?

वॉशिंगटन। वैज्ञानिक आज तक रिसर्च कर रहे हैं कि क्या धरती के अलावा और कहीं भी जीवन संभव है? वहीं, स्पेस साइंटिस्ट की ओर से की गई रिसर्च से पता चलता है कि मंगल ग्रह की सतह के नीचे एक समय पर कभी मैग्मा की नदियां बह रही थीं। वैज्ञानिकों की ओर से की गई यह रिसर्च इस बात का मजबूत संकेत देती है कि मंगल पर आज से बहुत समय पहले जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां रही होंगी। इस रिसर्च से उन दूसरे चट्टानी ग्रहों पर भी जीवन होने की नई उम्मीदें जगी हैं, जिन्हें अब तक इसके लिए उपयुक्त नहीं माना जाता था। इस खोज से स्पेस साइंस को नई दिशा मिल सकती है।

सेस्मिक वेव्स को किया रिकॉर्ड

बता दें कि 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी' के वैज्ञानिकों की ओर से नासा के इनसाइट लैंडर से कुछ आंकड़े जुटाए गए, जिनका विश्लेषण किया गया. इनसाइट ने उल्कापिंडों की टक्कर और मंगल पर आए भूकंपों से बनने वाली सेस्मिक वेव्स को रिकॉर्ड किया था। वैज्ञानिकों ने इन्हीं आंकड़ों के आधार पर मंगल की सतह से लगभग 24 किलोमीटर नीचे मौजूद एक रहस्यमयी लेयर की रिसर्च की. रिसर्च के नतीजे जर्नल 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' नाम के जनरल में पब्लिश हुए हैं।

बढ़ी जीवन की संभावना की उम्मीद

रिसर्च के मुताबिक, ऐसा मैग्मा मकैनिज्म प्लेनेट के टेंपरेचर और जलवायु को बैलेंस रखने में मदद कर सकता था। वहीं, पहले माना जाता था कि केवल प्लेट टेक्टोनिक्स वाले ग्रहों में ही यह क्षमता होती है। अब इस नई स्टडी के बाद उन चट्टानी ग्रहों की भी वापस स्टडी की जाएगी. पहले इन्हें ही जीवन के लिए अनुपयुक्त माना जाता था। इस रिसर्च से स्पेस रिसर्च को नई दिशा मिलने की उम्मीद बढ़ी है। वहीं, भविष्य में भी इससे कई खोजें संभव हो सकती हैं।

सामने आए नतीजे



रिसर्च से पता चलता है कि मंगल पर सिर्फ अलग-अलग मैग्मा चैंबर नहीं थे, बल्कि धरती के नीचे मैग्मा का एक विशालकाय मकैनिज्म आपस में जुड़ा हुआ था। साइंटिस्ट का कहना है कि यह मकैनिज्म इस प्लेनेट के अंदर आवश्यक तत्वों के आदान-प्रदान में सहयोग करता है। साथ ही यह वातावरण और समुद्र बनने जैसे अहम प्रोसेस को मदद पहुंचाने की क्षमता रखता है, जो ग्रह की संरचना और ज्यादा जटिल बना सकती है और डेवलपमेंट प्रोसेस लंबे समय तक चल सकता था।

कुदरत का अनोखा करिश्मा!

महिला ने दिया 4 हमशक्ल बच्चियों को जन्म, अब लोगों के सामने रखी ये शर्त

सिडनी। अगर आपका परिवार एक ही दिन में चार नए नन्हे मेहमानों के आने से सीधे दोगुना हो जाए, तो खुशियों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का कितना बड़ा पहाड़ टूट पड़ेगा? ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में कुछ ऐसा ही हुआ है। 34 वर्षीय जेनिटर नामोआना ने एक बेहद दुर्लभ और कुदरत का करिश्मा माने जाने वाले मामले में एक साथ 4 जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया है। इस अनोखे जन्म ने न केवल इस परिवार की दुनिया बदल दी है, बल्कि इनके सामने रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी एक बड़ी व्यावहारिक चुनौती भी खड़ी कर दी है।

15 मिलियन में एक दुर्लभ मामला

डॉक्टरों के मुताबिक, एक ही फर्टिलाइज्ड एग से बिना किसी मेडिकल ट्रीटमेंट के चार एक जैसी बच्चियों का जन्म होना लगभग 1.5 करोड़ मामलों में से एक में होता है। जेनिटर की सिजेरियन डिलीवरी करीब 28 हफ्तों की प्रेग्नेंसी के बाद सफलतापूर्वक हुई। चारों नवजात बहनें एकदम स्वस्थ हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस असाधारण जन्म से पहले कपल के घर में पहले से ही चार छोटे बच्चे थे। चार नन्हीं प्रिंसेस एमिली, हैरियट, कैथरीन और एलेक्सा के आने के बाद अब यह परिवार कुल 10 सदस्यों का बड़ा कुनबा बन चुका है।

10 सीटों वाली वैन खरीदने के लिए मांगा क्राउडफंडिंग से सहारा

परिवार की सबसे बड़ी समस्या अब यात्रा को लेकर आ रही है। उनकी पुरानी कार में 10 लोगों के एक साथ बैठने या सुरक्षित रूप से ट्रैवल करने की जगह ही नहीं है। अस्पताल के चक्कर काटने, बच्चों को स्कूल छोड़ने और परिवार को बाहर ले जाने के लिए अब एक 10 या 12 सीटों वाली बड़ी वैन बेहद जरूरी हो गई है। डायपर, मिल्क फॉर्मूला और अन्य रोजमर्रा के खर्चों के भारी बोझ को देखते हुए, मां ने एक ऑनलाइन क्राउडफंडिंग कैंपेन शुरू किया है। इस अभियान को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है और कई मददगार उनके साथ आ खड़े हुए हैं।

व्हेल का मल पृथ्वी को दे रहा है आधी ऑक्सीजन!

वॉशिंगटन। जलवायु परिवर्तन और गर्म होते महासागरों के कारण पूरी दुनिया के वैज्ञानिक चिंतित हैं कि समुद्री जीवों का भोजन खत्म हो जाएगा। विशालकाय 'साउथर्न राइट व्हेल' को लेकर भी लंबे समय से यही डर जताया जा रहा था। लेकिन, वैज्ञानिकों की एक हालिया रिसर्च ने इस डर को उम्मीद में बदल दिया है। इस रिसर्च में किसी जटिल तकनीक से ज्यादा व्हेल के मल यानी पोटी ने वैज्ञानिकों की मदद की है।

वैज्ञानिकों को क्या पता चला?

समुद्र की गहराइयों में रहने वाली व्हेल मछलियों के खाने की आदतों को ट्रैक करना बेहद मुश्किल होता है। इसलिए, वैज्ञानिकों ने उनके मल के सैंपल्स का अध्ययन किया। अंतरराष्ट्रीय पशु कल्याण कोष के अनुसार, इन सैंपल्स में खाए गए शिकार के अवशेष और रसायनों के सुराग मिलते हैं। इससे पता चला कि जब समुद्र के गर्म होने के कारण उनका पसंदीदा खाना (जैसे क्रिल और कोपेपोड्स) कम हो जाता है, तो व्हेल भूखी रहने के बजाय दूसरा उपलब्ध भोजन खाने लगती हैं।

लचीलापन ही है व्हेल के बचने की कुंजी

साउथर्न राइट व्हेल आमतौर पर छोटे जूप्लांकटन का शिकार करती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण इन छोटे जीवों की आबादी कम-ज्यादा होती रहती है। रिसर्च से पता चलता है कि व्हेल एक ही प्रकार के शिकार पर निर्भर रहने के बजाय अपनी डाइट का दायरा बढ़ा लेती हैं। इस लचीले व्यवहार की वजह से वे बदलते समुद्री माहौल में भी अपने ऊर्जा स्तर को बनाए रखने में सक्षम हो रही हैं।

हमारी सांसों से व्हेल का क्या संबंध है?

फाइटोप्लांकटन न केवल जूप्लांकटन का भोजन बनते हैं, बल्कि वे कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर पृथ्वी की लगभग आधी ऑक्सीजन भी पैदा करते हैं। इस तरह व्हेल एक प्राकृतिक चक्र चलाती हैं। वे भोजन करती हैं, पोषक तत्व समुद्र की सतह पर लाती हैं, फाइटोप्लांकटन को उपजाऊ बनाती हैं और अप्रत्यक्ष रूप से अपने ही भोजन के चक्र को बनाए रखती हैं।

भविष्य के लिए क्या हैं संकेत?

वैज्ञानिकों का कहना है कि व्हेल में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की अद्भुत क्षमता है और वे सिर्फ जलवायु परिवर्तन की असहाय शिकार नहीं हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि खतरा टल गया है। यदि महासागर अत्यधिक गर्म हो जाते हैं, तो केवल भोजन बदलने की क्षमता भी व्हेल को नहीं बचा पाएगी।

बहुरूपिया गांव! शादी से पहले चढ़ती है चीनी वाली रोटी

पूर्वी चंपारण। बिहार एक ऐसा प्रदेश है, जहां गांवों की संख्या काफी अधिक है। इनमें से कुछ गांव ऐसे हैं जो अपने खास और अनोखे रिवाजों के लिए जाने जाते हैं। ऐसा ही एक अनोखा गांव है बहुरूपिया। जो पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली प्रखंड के अंतर्गत आता है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यहां का एक बेहद दिलचस्प रिवाज है। दरअसल, इस गांव में होने वाले हर धार्मिक कार्य या शादी-विवाह जैसे शुभ अवसरों से पहले 'बहुरूपी बाबा' की पूजा की जाती है। जिसका पालन पूरा गांव बेहद श्रद्धा के साथ करता है। अब यह इस गांव की एक अटूट परंपरा बन चुकी है। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, गांव का हर व्यक्ति इस अनूठी परंपरा को पूरी शिद्दत से निभाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com